CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

सप्तम नवरात्र देवी माँ कालरात्रि




वर्ष- 43 | अंक -149 | राजनांदगांव, सोमवार 15 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# विरासत के संरक्षण के साथ विकसित भारत के निर्माण का संकल्प, समान नागरिक संहिता का वादा बरकरार

नई दिल्ली। लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए भाजपा ने घोषणापत्र जारी करने के लिए बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती का दिन चुना। बाबा साहेब और संविधान की प्रति पर पुष्प अर्पित करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह ने घोषणापत्र जारी किया।




### जनकल्याणकारी योजनाओं पर जताया गया भरोसा

संकल्प पत्र के रूप में जारी घोषणापत्र में किये गए सभी वायदों पर मोदी की गारंटी की मुहर भी लगी है। भाजपा ने अबकी बार 400 पार के मिशन को पूरा करने के लिए मोदी सरकार की पिछले 10 साल की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा जताया है और इनके विस्तार का वायदा किया है।

### समान नागरिक संहिता को लागू करने का संकल्प

भाजपा ने पूरी दुनिया में रामायण महोत्सव आयोजित करने का वायदा किया है। वहीं, उत्तराखंड में लागू होने के बावजूद भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर समान नागरिक संहिता को लागू करने का संकल्प जारी रखा है। घोषणापत्र में विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ ही भाजपा ने विरासत के संरक्षण को भी अहम स्थान दिया है।

### घोषणापत्र में पीएम मोदी की चार जातियों का है जिक्र

भाजपा ने अगले पांच सालों में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, 2036 में ओलंपिक खेलों के आयोजन और चांद पर मानवयुक्त विमान भेजने का भी वायदा किया है। जाति जनगणना के विपक्षी दलों के नारों के बीच भाजपा ने घोषणापत्र में प्रधानमंत्री मोदी की चार जातियों गरीब, किसान, युवा और नारी को सशक्त बनाने और उनका जीवन स्तर सुधारने पर जोर दिया है।

### तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर जोर

पिछले 10 सालों में इन चार जातियों के जीवन में आए सुधार को रेखांकित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प पत्र की पहली प्रति इनमें से आए चार लोगों को सौंपी। इनके उत्थान के लिए भाजपा ने 80 करोड़ गरीबों को मिलने वाली मुफ्त राशन योजना को जारी रखने, भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने, महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से मुक्त करने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाने स्वयं सहायता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई

जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए भाजपा ने साफ कर दिया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और इसमें नई तकनीक का उपयोग भी सुनिश्चित किया जाएगा। देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या और उनकी परेशानियों को देखते हुए भाजपा ने 70 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को आयुष्मान भारत में शामिल करते हुए उन्हें सालाना पांच लाख रुपये तक मुफ्त और कैशलेस इलाज देने का वायदा किया है। जाहिर तौर पर यह मध्यम वर्ग को भी राहत पहुंचाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि चार जून को चुनाव परिणाम आने के तत्काल बाद इन संकल्पों को पूरा करने का काम शुरू कर दिया जाएगा और इसका पूरा रोडमैप तैयार किया जा रहा है। भाजपा के दो पुराने वायदे अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राम मंदिर का निर्माण का उल्लेख मोदी सरकार की उपलब्धियों में दर्ज है। लेकिन राम इस बार भी घोषणा पत्र में मौजूद है।

# भाजपा के घोषणा पत्र से महंगाई, बेरोजगारी गायबः राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोज़गारी गायब हैं। श्री गांधी ने आज यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब है।उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती।



श्री गांधी ने कहा कि इंडिया समूह की योजना बिलकुल स्पष्ट है कि 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपए की पक्की नौकरी दी जाएगी। युवा इस बार श्री मोदी के झांसे में नहीं आएगा तथा कांग्रेस का हाथ मज़बूत कर देश में 'रोज़गार क्रांति' लाएगा।

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर की जयंती है। भाजपा उनके बनाए संविधान को ख़त्म करने की स्पष्ट रूप से साज़िश रच रही है। प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाने के लिए मंच से खुद कुछ और बोलते हैं और अपने नेताओं से कुछ और बुलवा रहे हैं।

श्री रमेश ने कहा, 'उनका मक़सद साफ़ है - यदि इस बार उन्हें मौका मिला तो सबसे बड़ा ख़तरा बाबा साहेब के संविधान पर होगा।'

# ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव पर भारत ने जताई चिंता, शांति व स्थिरता के लिए बताया गंभीर खतरा

नई दिल्ली। इजरायल पर ईरान की तरफ से किए गए हमले के बाद मध्य पूर्व में स्थिति के बिगड़ने की संभावना से भारत भी चिंतित है। भारत उन गिने चुने देशों में है, जिनके इजरायल और ईरान दोनों के साथ अच्छे संबंध हैं। ऐसे में भारत ने मौजूदा हालात पर गंभीर चिंता जताते हुए इसे समूचे क्षेत्र की शांति व स्थिरता के लिए खतरा बताया है।



### करीब से निगाह रख रहा भारत

भारत पूरे हालात पर करीबी निगाह रख रहा है और हालात बिगड़ने पर वहां से अपने नागरिकों को बाहर निकालने का विकल्प भी खुला रखा है। भारतीय दूतावास ने इजरायल में सभी भारतीयों को शांत रहने और स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा जारी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है।

### एयर इंडिया ने तेल अवीव के लिए निलंबित की उड़ानें

इस बीच इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एयर इंडिया ने रविवार को तेल अवीव के लिए उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी हैं। दोनों देशों में बढ़ते तनाव को देखते हुए सिर्फ कूटनीतिक असर को लेकर ही भारत चिंतित नहीं है बल्कि इसके आर्थिक प्रभाव को लेकर भी चिंतित है।

### भारतीय शेयर बाजार पर पड़ सकता है प्रभाव

रेड सी में पहले से ही स्थिति खराब है, जिसकी वजह से भारत के लिए आयात-निर्यात की लागत बढ़ गई है। यह समस्या और गंभीर हो सकती है। दूसरा असर कच्चे तेल की आपूर्ति व कीमतों पर पड़ने की संभावना है। इससे भारतीय शेयर बाजार में लगातार तेजी के माहौल पर भी उल्टा असर संभव है। 15 अप्रैल से शुरू हो रहे सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन बहुत हद तक इस बात से तय होगा कि खाड़ी क्षेत्र से इजरायल-ईरान विवाद को लेकर क्या सूचनाएं आती हैं। साथ ही हालात बिगड़ते हैं तो खाड़ी क्षेत्र में काम करने वालों लाखों भारतीयों के जीविकोपार्जन पर भी असर संभव है। यही वजह है कि भारत ने इन दोनों देशों के बीच मौजूदा तनाव के शीघ्र खत्म होने की बात की है।

### भारतीय दूतावास ने स्थापित किया हेल्पलाइन नंबर

विदेश मंत्रालय के इस बयान के कुछ घंटे बाद तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर स्थापित कर दिया है। इसके जरिये भारतीय नागरिकों को समय पर मदद पहुंचाने की कोशिश होगी। अगर इजरायल की तरफ से भी कार्रवाई होती है और युद्ध की स्थिति बनती है तो संभव है कि ईरान से भारतीयों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# हवाई जहाज और सिनेमा हॉल की तरह ट्रेन में भी मिलेगी मनपसंद सीट, रेलवे ने तैयार किया सॉफ्टवेयर

रायपुर। हवाई जहाज और सिनेमा हॉल के टिकट की तर्ज पर अब रेलवे यात्रियों को ट्रेनों में मनपसंद सीट देने की व्यवस्था लागू करने की तैयारी में है। इसके लिए नया सॉफ्टवेयर लगभग तैयार है। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम के अधिकारियों के मुताबिक, व्यवस्था लागू होने पर देशभर के यात्रियों को घर बैठे ही खाली बर्थ की सूची उपलब्ध होगी। यात्रियों को अपर-लोअर या फिर विंडो सीट पसंद करने का अधिकार भी नई व्यवस्था में मिलेगा। व्यवस्था के अंतर्गत यात्रियों को यह भी पता चल जाएगा कि यात्रा की तारीख को ट्रेन में कितनी सीटें खाली हैं और उनकी जगह क्या है।



### टिकट की दरों पर अभी चुप्पी

मनपसंद सीटों के चुनाव का विकल्प देने वाली व्यवस्था लागू करने की तैयारी तो की जा रही है लेकिन टिकटों की कीमतों पर अभी रेलवे के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं रेलवे सूत्रों के अनुसार मनपसंद सीट प्राप्त करने के लिए यात्रियों को अतिरिक्त भुगतान करना पड़ सकता है।

### ऐसे कर सकेंगे सीट बुक

रायपुर रेलवे मंडल के अधिकारियों ने बताया कि नए ऐप के जरिए ट्रेन का नाम और यात्रा की तिथि डालकर सर्च करते ही एसी से लेकर स्लीपर क्लास तक के कोच का डायग्राम यात्रियों की मोबाइल स्क्रीन पर उपलब्ध हो जाएगा। डायग्राम देखकर यात्री अपनी पसंद की सीट आसानी से बुक कर सकेंगे। जिन बर्थ या सीट को पूर्व में ही आरक्षित कर लिया गया होगा, खाली बर्थ या सीट पर कोई निशान नहीं होगा। यात्रियों को मनपसंद सीट उपलब्ध कराने के लिए नया सॉफ्टवेयर लगभग तैयार है। जल्द ही ऐप को लांच किया जाएगा। इस प्रणाली के विकसित होने के बाद यात्रियों को यह भी पता चल जाएगा कि ट्रेनों में कितनी सीटें खाली हैं। वे पसंद के अनुसार टिकट बुक कर सकेंगे।

# टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान है कांग्रेस : पीएम मोदी



मैसूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव न केवल अगले पांच साल की राजनीति को तय करेगा, बल्कि 2047 तक विकसित भारत का भविष्य भी सुनिश्चित करेगा।

श्री मोदी ने इंडिया समूह पर हिंदू धर्म की शक्तियों को नष्ट करने की इच्छा रखने का आरोप लगाया और इसकी रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे राजनीतिक लाभ के लिए कुछ समूहों को दूसरों पर प्राथमिकता देते हैं।

उन्होंने कहा, 'इंडिया समूह के लोग 'सनातन' को खत्म करना चाहते हैं। वे हिंदू धर्म की शक्तियों को नष्ट करना चाहते हैं। जब तक मोदी हैं, ये नफरत करने वाली ताकतें कभी सफल नहीं होंगी, यह मोदी की गारंटी है... 2024 के लोकसभा चुनाव सिर्फ अगले पांच साल की राजनीति का फैसला नहीं करेगा, बल्कि 2047 तक 'विकसित भारत' का भविष्य सुनिश्चित करेगा।' यहां के महाराजा पैलेस मैदान में आयोजित चुनावी रैली में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनके पुत्रों एचडी कुमारस्वामी और एचडी रेवन्ना ने भी श्री मोदी के साथ मंच साझा किया।

श्री मोदी ने गरीबों को तीन करोड़ घर बनाने और पांच साल तक मुफ्त राशन देने की गारंटी दोहराई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 'सुल्तान' या जिसे वह 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' कहते हैं, उसके नेता के रूप में काम कर रही है। उन्होंने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी आज टुकड़े-टुकड़े गैंग की सुल्तान बनकर घूम रही है। कांग्रेस का अभी भी देश को बांटने, तोड़ने और कमजोर करने का इरादा है।

कांग्रेस उम्मीदवार डीके सुरेश की अलगाववादी टिप्पणी का जिक्र करते हुए, श्री मोदी ने भारत के खिलाफ बोलने वाले व्यक्तियों को टिकट देने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने सर्जिकल स्ट्राइक के संबंध में सेना से सबूत मांगे और वह आतंकी गतिविधियों में शामिल एक प्रतिबंधित संगठन की राजनीतिक शाखा के साथ काम कर रही है।

# भाजपा के घोषणा पत्र पर सीएम विष्णुदेव साय बोले, भारत के भविष्य का सुनहरा रोडमैप है भाजपा का संकल्प पत्र

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। भाजपा के संकल्प पत्र पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिक्रिया दी है। सीएम साय ने कहा, भाजपा का संकल्प भारतीय लोकतांत्रिक के भरोसे, विश्वास बहाली के साथ भारत के भविष्य का सुनहरा रोडमैप है। हमारा यह संकल्प पत्र संविधान की तरह पवित्र है।



2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने संकल्प जारी किया था जो पार्टी का विजन डाक्यूमेंट था। जिस पर लोगों को सहज विश्वास नहीं होता था कि ये संकल्प पत्र में जो है वो कभी पूरा भी हो सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों लोकसभा चुनाव में संकल्प पत्र में देश की जनता से किए वादे को अक्षरशः क्रियान्वित किया। पिछले 10 वर्षों में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। 2024 के संकल्प पत्र में 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये की मुफ्त इलाज की सुविधा होगी। प्रधानमंत्री आवास के तहत तीन करोड़ लोगों को मकान, 2029 तक गरीबों को मुफ्त राशन दिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी बदलना चाहते हैं संविधानः संजय सिंह ने किया बड़ा दावा



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज (14 अप्रैल) राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने दिल्ली एक्साइज पॉलिसी घोटाला मामले से जुड़े मुद्दों पर बात की. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के संविधान को बदलना चाहते हैं।

### संजय सिंह ने खड़गे से की मुलाकात

संजय सिंह ने रविवार को यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मुलाकात की और उनसे आगामी लोकसभा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी ने अमित शाह को भेंट की मोदी मैजिक किताब



रायपुर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज छत्तीसगढ़ दौरे पर रहे। रायपुर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में भाजपा नेताओं नेउनका स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने अमित शाह को मोदी मैजिक किताब भेंट की।

राजनांदगांव लोकसभा में आम सभा को संबोधित करने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ पहुंचे हुए थे। सीएम साय के साथ सांसद सुनील सोनी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश गुप्ता सह प्रभारी, रजनीश शुक्ला, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, विशेष आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्य समिति प्रीतेश गांधी, भाजपा नेता आकाश विंग ने उनका स्वागत किया।

स्वागत के अवसर पर अमित शाह को भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने अपनी किताब बदहाल से बेमिसाल भारत की कहानी आंकड़ों की जुबानी मोदी मैजिक भेंट की।

# मेघा इंजीनियरिंग : इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने की टाइमिंग पर सवाल, पहले भी विवादों से रहा है नाता

नई दिल्ली। देश में इलेक्टोरल बॉन्ड के साथ ही मेघा इंजीनियरिंग का नाम भी चर्चा में है. शनिवार को सीबीआई ने मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ रिश्वत देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है. मेघा इंजीनियरिंग इलेक्टोरल बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है और उसने 5 सालों के दौरान 966 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे हैं. हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है, जब कंपनी का नाम किसी विवाद से जुड़ा है. ऐसे मामले पहले भी सामने आते रहे हैं.




देश की बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का नाम आता है, हालांकि शुरुआत में यह कांट्रेक्ट लेने वाली एक छोटी कंपनी थी. कंपनी के पास कई सरकारी प्रोजेक्ट हैं. दिलचस्प बात ये है कि कंपनी ने कई महत्वपूर्ण परियोजना के आसपास ही कई चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं.

### इन बड़ी परियोजनाओं की टाइमिंग पर सवाल

जम्मू कश्मीर में 4500 करोड़ की लागत वाली जोजिला सुरंग परियोजना अक्टूबर-नवंबर में हासिल की (अक्टूबर 2020 में कंपनी ने 20 करोड़ के बॉन्ड खरीदे), मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में बुलेट ट्रेन स्टेशन के निर्माण के लिए मार्च 2023 में 3,681 करोड़ रुपये की परियोजना हासिल की (अप्रैल 2023 में 140 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे), आंध्र सरकार से नवंबर 2019 में 4,358 करोड़ रुपये की परियोजना मिली (अक्टूबर 2019 में पांच करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे)।

### कंपनी के पास हैं ये बड़े प्रोजेक्ट

कंपनी के पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं. इनमें 14.15 किमी की जोजिला सुरंग और बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स अंडग्राउंड रेलवे स्टेशन का हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शंस कंपनी के साथ मिलकर निर्माण शामिल है. इसके साथ ही कंपनी चारधाम रेलवे सुरंग परियोजना से भी जुड़ी है और इस सड़क के दो हिस्से बना रही है. वहीं आंध्र के प्रकाशम जिले में एक सिंचाई परियोजना से भी जुड़ी है. इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही कंपनी कई अन्य क्षेत्रों में भी अपना विस्तार कर रही है. इसमें परिवहन का क्षेत्र भी शामिल है. कंपनी ओलेक्ट्रा इलेक्ट्रिक बस का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कांग्रेस की नई सूची में 10 नाम; नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली से कन्हैया कुमार, जालंधर से पूर्व सीएम चन्नी को टिकट

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की तरफ से उम्मीदवारों के नामों की लगातार घोषणा की जा रही है. रविवार को 10 और नाम घोषित किए गए. दिल्ली में आप के साथ गठबंधन के तहत मिले 3 सीटों पर कांग्रेस ने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया. कन्हैया कुमार, उदित राज, जेपी अग्रवाल को दिल्ली की तीन सीटों पर पार्टी की तरफ से उम्मीदवार बनाया गया है. कन्हैया कुमार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से प्रत्याशी बनाया गया है. यहां उनका मुकाबला बीजेपी के मनोज तिवारी से होगा. वहीं चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली से उदित राज को उम्मीदवार बनाया गया है.



दिल्ली की तीन सीटों के अलावा पंजाब की अमृतसर सीट से पार्टी की तरफ से गुरजीत सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है. जालंधर से पूर्व मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे. फतेहगढ़ साहब से अमर सिंह, भटिंडा से जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू, संगरुर से सुखपाल सिंह खैरा, पटियाला से धर्मवीर गांधी और इलाहाबाद सीट से उज्जवल रेवती रमन सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है.

CMYK

# भाजपा देश व विदेश में भारतीय नागरिकों की रक्षा के लिए वचनबद्ध - संतोष पांडे

राजनांदगाँव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे आज अपने चुनाव अभियान की शुरुवात भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, फिर वे दोपहर तक अपने कार्यालय में कार्यकर्ता व नागरिकों से भेंट की फिर खैरागढ़ जाकर देश के गृह मंत्री अमित शाह की महती जनसभा को संबोधित किया फिर वे अपने जनसम्पर्क प्रवास पर निकल गए।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान अनेक ग्रामों में हुए जनसम्पर्क के दौरान श्री पांडे ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमने अपने देश के नागरिकों को आतंकवाद व नक्सलवाद के खतरों से बचाने के लिए साफ रवैया अपनाया था, आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉरलेस नीति अपनाई हैं, हम आगे भी अपने देश व नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुरक्षित व समृद्ध भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गारंटी हैं। श्री पांडे ने स्मरण करते हुए कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने की दिशा में वर्ष 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक व वर्ष 2019 में एयर स्ट्राइक हमारे प्रयासों के ठोस उदाहरण हैं। हम आतंकवाद के सभी खतरों से देश व विदेश में भारतीय नागरिकों की रक्षा के लिए वचनबद्ध हैं।



सुरक्षित व समृद्ध भारत के तहत हमने तालिबान द्वारा काबुल पर तेजी से कब्ज़ा करने के बाद काबुल से अपने नागरिकों और अफगान सहयोगियों को निकालने के भारत के जटिल मिशन 'ऑपरेशन देवी शक्ति' कर नागरिकों को सुरक्षित निकाला। इसी तरह रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान सैकड़ों भारतीयों एवं अन्य नागरिकों को सुरक्षित भारत लाने के लिए 'ऑपरेशन गंगा' चलाया गया जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हुई। भारत ने सुरक्षित भारत की दृष्टि से सेना में बेहतर समन्वय के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) का पद स्थापित किया हैं और आगे चलकर देश के कुशल संचालन के लिए 'सैन्य थियेटर कमांड' की स्थापना की जाएगी। श्री पांडे ने आरोप लगाया की कांग्रेस सरकारों की घोर उपेक्षा के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में आधारभूत संरचना कमजोर थी, इस गंभीर गलतियों को सुधार करते हुए सड़क, रेलवे, टेलीकॉम टावर, ऑप्टिकल फाइबर केबल और बिजली नेटवर्क का वृहद निर्माण शुरु किया गया। भारत-चीन, भारत -पाकिस्तान और भारत-म्यांमार सीमाओं पर मजबूत इन्फ्रस्ट्रक्चर का समयबद्ध विकास हो रहा हैं, एवं नई तकनीकी के उपयोग से सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए फेंसिंग की जा रही है।

श्री पांडे ने आगे कहा कि दुनिया भर में फैली अस्थिरता और कोविड जैसी वैश्विक महामारी के बावजूद भारत को पाँचवी आर्थिक महाशक्ति बनाने में मोदी जी सफल हुए हैं देश में अपनी वित्तीय प्रणाली को मजबूत किया, वित्तीय अनुशासन बनाए रखा विदेशी मुद्रा भंडार में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, तमाम उतार चढ़ाव के बावजूद आर्थिक विकास के लिए माहौल अनुकूल बना हैं। मोदी जी की कुशल नीतियों का ही परिणाम हैं की पिछले दस वर्षों में देश ग्यारहवी से पाँचवी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बना। यह हमारी स्पष्ट नीतियों सही कार्य योजना और सुव्यवस्थित प्रदर्शन की माध्यम से संभव हुआ हैं।

अब हम देश को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने की मोदी गारंटी दे रहें हैं इसके लिए नये कानूनों और तकनीकी के माध्यम से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल व सुलभ बनाया गया हैं, आगे हम अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने आवश्यकताओं के अनुरूप आर्थिक व व्यसायिक कानूनों को नया रूप देने जा रहें हैं साथ ही देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले ईमानदार करदाताओं का सम्मान करने का निर्णय लिया गया हैं। श्री पांडे ने आज ग्राम जोरातराई मे सघन जनसम्पर्क किया।

## शिवनाथ ब्रिज पर बड़ा हादसा कार सवार लड़की की मौत



राजनांदगांव(दावा)। पड़ोसी जिले दुर्ग स्थित शिवनाथ ब्रिज पर एक बड़े हादसे में कार सवार लड़की की मौत हो गई। वही कार चालक लड़के को गंभीर चोट आई है। बताया जाता है कि शिवनाथ नदी ब्रिज पर उक्त हादसा रविवार की अल्ल सुबह साढ़े चार बजे की बताई जाती है। ब्रिज में दुर्ग की ओर आ रही क्रेटा कार व राजनांदगांव की ओर जा रही ट्रक से भिड़त हो गई। इसमें कार चला रहे प्रशांत पांडेय को गंभीर चोटें आई है वही इस हादसे से बुरी तरह जख्मी हुई लड़की पूजा की निजी हास्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि कार तेज रफ्तार में थी जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसे के बाद सबसे पहले पुलिस टीम पहुंची।

वही हादसे में घायल प्रशांत ने खुद ही अपने परिजनों को फोन लगाया। मामला पुलगांव थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी श्री भट्ट ने बताया कि कार सेक्टर-1 भिलाई की है, जिसे प्रशांत पंडित चला रहा था। कार का नं.सीजी-07/सीएन 2677 है। वही ट्रक का नम्बर सीजी-15 डीएम/0901 है। लालरंग की आइसर इस ट्रक से कार की हुई जबरदस्त टक्कर से दोनों वाहन के चालक साइड से परखच्चे उड़ गए है। इसमें क्रेटा कार की जबरदस्त नुकसानी हुई है। पुलिस आगे की कारवाई में जुटी हुई है।

## पहला कॉलम...

### शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर में पंचमी पर मां का विशेष श्रृंगार



राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि को लेकर जिले सहित शहरभर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। जगह-जगह मंदिरों माता देवालयों में ज्योति-कलश स्थापना की गई है। वहीं नवरात्रि की पंचमी तिथि होने के चलते आज सभी मंदिरों में माता की विशेष श्रृंगार की गई। वहीं शहर के बाबुटोला वार्ड नंबर 1 स्थित शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर में माँ महाकाली का विशेष श्रृंगार किया गया।

ज्ञात हो कि 9 अप्रैल से नवरात्रि का पर्व चल रहा है। जहां शहर में पर्व को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। जगह-जगह मंदिरों में ज्योतिकलश स्थापना के साथ ही अन्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। वहीं शहर के नवागांव बाबुटोला, वार्ड नंबर 1 स्थित शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर में मां महाकाली का मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिर में ज्योतिकलश स्थापना के साथ ही अघोर महाकाली महायज्ञ का भी आयोजन किया जा रहा है, जहां मां महाकाली के दर्शन करने के साथ यज्ञशाला का परिक्रमा करने शहर सहित जिलेभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यज्ञ के संबंध में मान्यता है कि यज्ञ शाला का परिक्रमा करने मात्र से भी यज्ञ करने का फल प्राप्त होता है एवं बहुत से कष्ट का निवारण भी होता है।

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए पोस्टर के माध्यम से दिया जा रहा संदेश

राजनांदगांव (दावा)। जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए



नागरिकों को जागरूक करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। चौक-चौराहों, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, वाहनों, एटीएम, घर-घर सहित विभिन्न स्थानों पर स्वीप का संदेश पोस्टर के माध्यम से चस्पा किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर टू डोर मतदाता जागरूकता के लिए संदेश दिया जा रहा है एवं पोस्टर चस्पा किया जा रहा है।

# अमित शाह के आने के बाद चुनाव प्रचार गरमाया

**कांग्रेस की प्रियंका गांधी 20 को करेंगी चुनाव प्रचार, भाजपा-कांग्रेस के चुनाव प्रचार से चुनावी फिंजा में आएगी गरमाहट**

राजनांदगांव (दावा)। संविधान निर्माता बाबा साहेब आम्बेडकर जयंती के अवसर पर देश के गृहमंत्री अमित शाह के भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए खैरागढ़ आने से राजनांदगांव संसदीय लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार का माहौल गरमा गया है। इधर 14 अप्रैल आम्बेडकर जयंती के दिन ही भाजपा का घोषणा पत्र संकल्प पत्र के रूप में जारी होने पर भाजपाइयों की बांछे खिली हुई है। वही कांग्रेस की घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेसी भी इसकी जोर-शोर से प्रचार में जुटे हुए है और महिलाओं को एक लाख रूपए देने के घोषणा पत्र में वादे को लेकर महिलाओं को रिझाया जा रहा है। इसका प्रभाव भी देखने में आ रहा है। इस माहौल को गरमाने के लिए जिले में कांग्रेस की स्टार चुनाव प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा भी 20 अप्रैल को डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आ रही है। यहां वे कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए वोट मांगेगी।

इधर देश के गृहमंत्री व राजनीतिक चाणक्य समझे जाने वाले अमित शाह ने खैरागढ़ में जोरदार चुनावी सभा लेकर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में



माहौल बना दिया है। बता दे कि कांग्रेस के पक्ष को अब तक कोई भी राष्ट्रीय स्तर का नेता प्रचार के लिए लोकसभा क्षेत्र में नहीं आया है। 20 अप्रैल को कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी के डोंगरगढ़ आने से संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव की चुनावी फिजा गरमा जाएगी। जिसका कांग्रेस प्रत्याशी को जबरदस्त लाभ मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है।

**धुंआधार जनसम्पर्क एवं रैलियां**

बता दे कि सप्ताह भर बाद 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके पहले गांव-देहात क्षेत्रों में चल रहे चुनाव प्रचार अब शहर कस्बों की ओर पलटने लगा है। भाजपा और कांग्रेस के दोनों प्रत्याशी गांव-देहात के क्षेत्रों में धुंआधार जनसम्पर्क कर रहे है वही उनके समर्थक रैलिया निकाल कर लोगों को अपनी ओर करने का भरसक प्रयास कर रहे है।

इस हिसाब से देखा जाए तो कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल की मेहनत रंग ला रही है। वही भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे राजनांदगांव विधानसभा चुनाव में डॉ. रमन सिंह को मिले 45 हजार की लीड के लाभ के अलावा मोदी लहर में सवार होकर सरपट दौड़ लगा रहे है। बता दे कि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं जबकि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से पहली बार चुनाव लड़ रहे है। श्री बघेल को गत विधानसभा चुनाव के दौरान खैरागढ़, खुज्जी, मानपुर, मोहला व डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस को मिली जीत का पूरा लाभ मिलने का अनुमान है। वही भाजपा के पक्ष में प्लस पांईट मोदी फैक्टर का होना माना जाता है। बताते चले कि पूरे देश में इस समय मोदी जी का जबरदस्त प्रभाव है। लिहाजा उसके नाम से कई प्रत्याशियों की चुनावी वैतरणी पार करने की उममीद है। ओजस्वी वक्ता व हिन्दूत्व का आक्रामक चेहरा माने जाने वाले भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को इसका लाभ मिले तो इसमें कोई दो मत हैं। वैसे बता दे कि पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल में उनका राजनीतिक केरियर बेदाग रहा है। इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल अपने पिछले 5 वर्षों के शासनकाल में छत्तीसगढ़ी संस्कृति को उभारने व उसे प्रतिष्ठा देने के काम से लेकर जनहित हितैषी योजनाओं का उन्हें लाभ मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## आज महिला सम्मेलन में महिला विकास मंत्री राजवाड़े शिरकत करेगी

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के कल 15 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र के तीन स्थानों पर महतारी वंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं, इस सम्मेलन में प्रत्येक स्थान पर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं की उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया हैं। इन सम्मेलन में प्रदेश के महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष किरण साहू महामंत्री पारूल जैन व देवकुमारी साहू उपस्थित रहेंगे।

**टेड़ेसरा, सुरगी व शंकरपुर में होगा आयोजन**

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सम्मेलन की शुरुवात ग्राम टेड़ेसरा से होगी यहाँ सुबह 11 बजे होने वाले महिला सम्मेलन की व्यापक तैयारी ग्रामीण मण्डल द्वारा की गई हैं इसके लिए ग्राम के गौठान मैदान में विशाल पंडाल की व्यवस्था की जा रही हैं। इसी प्रकार दोपहर 2 बजे ग्राम सुरगी में महिला सम्मान सम्मेलन का आयोजन होगा इसके बाद शाम 5 बजे राजनांदगाँव शहर के श्रमिक बहुल क्षेत्र शंकरपुर में आयोजन रखा गया हैं। उल्लेखनीय हैं की महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की भाजपा सरकर ने विधानसभा चुनाव में महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया था, जिसे सरकार बनने के बाद पूरा कर लिया गया हैं, इसी प्रकार देश की दस करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन देकर धुंए भरे चूल्हे से मुक्ति प्रदान की गई हैं।

महिलाओं की मर्यादा को ध्यान में रख कर स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्यारह करोड़ महिलाओं को शौचालय उपलब्ध कराकर उनके जीवन में एक नई रौशनी लायी गई। तीन करोड़ महिलाओं को पीएम मातृ वंदना के अंतर्गत मातृत्व सेवा का लाभ दिया गया तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को लोकसभा व विधानसभाओं में आरक्षण से सशक्त भागीदारी की राह आसान की गई। इन्ही सब बातों को लेकर महिला वंदन सम्मान समारोह का आयोजन हो रहा हैं।


## मतदान अधिकारियों को दिया जा रहा द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान दल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान अधिकारियों को द्वितीय प्रशिक्षण के अंतर्गत मतदान दलों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दो पालियों में दिया जा रहा है।

**मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया और नियम की दी जा रही जानकारियां**

जिले के सभी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, मतदान अधिकारी क्रमांक 2 एवं अन्य सभी मतदान दल अधिकारियों का प्रशिक्षण संचालित हैं, जिसमें जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को दो से तीन दिवस पूर्व टैक्स्ट मैसेज के माध्यम से प्रत्येक अधिकारी को उनके मोबाईल नम्बर पर उनका मतदान दल क्रमांक, उनके दायित्व का पद तथा उनका प्रशिक्षण केन्द्र एवं रूम नम्बर तक की जानकारियां सीधे मोबाईल पर प्रदान की जा रही है। जिससे मतदान अधिकारियों को मैसेज की सुविधा के कारण अपना प्रशिक्षण केन्द्र एवं रूम नम्बर जानने से अत्यधिक सुविधाजनक महसूस कर रहें हैं। प्रशिक्षण स्थल हेतु जिला मुख्यालय में 4 स्कूलों का चयन किया गया है। जिसमें शासकीय महरानी लक्ष्मी बाई कन्या स्कूल, सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम स्कूल, ठाकुर प्यारेलाल स्कूल तथा गुरूनानक स्कूल का चयन किया गया है। प्रत्येक स्कूल में 10 प्रशिक्षण कक्ष प्रोजेक्टर, लैपटाप एवं अन्य सुविधाओं के साथ प्रशिक्षित प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गई हैं।

प्रशिक्षण नोडल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा प्रशिक्षण का प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है। प्रत्येक रूम में जाकर समस्त प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का फीडबैक तथा मतदान संबंधी अन्य जानकारियां प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण में बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को निरंतर कारण बताओं नोटिस जारी किये जा रहे हैं। प्रशिक्षण अंतर्गत प्रथम पाली में प्रजेन्टेंशन के माध्यम से प्रशिक्षण तथा द्वितीय पाली में ईवीएम मशीन के माध्यम से मतदान प्रशिक्षण की भौतिक जानकारी दी जा रही है साथ ही प्रशिक्षण स्थल पर ही एक सुविधा केन्द्र का निर्माण किया गया है। डाकमत पत्र के संबंध में प्रपत्र प्रदान कर कार्यवाही की जा रही है साथ ही लक्ष्य रखा गया है कि प्रत्येक मतदान दल अधिकारी को हर विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाए जिससे किसी के भी मन में कोई शंका की स्थिति उत्पन्न ना हो और मतदान का कार्य समय पर और सुविधा पूर्ण तरीके से पूर्ण किया जा सके।


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 19 से बी.ए. फाईनल ईयर, रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
सत्य कथानक पर आधारित
बोनी कपूर कृत
मैदान
कलाकार - अजय देवगन, प्रियामणि, कीर्ति सुरेश, बोमन ईरानी, गजराज सिंह आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
11th April To 14th April 2024
silver SCREEN

Bade Miyan Chote Miyan - 11:30am, 03:15, 06:15 and 09:30 pm


Maidaan - 11:45am, 02:30, 06:00 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


## मैनपाट में आगजनी से तीन भाई बहन जिंदा जले, बाहर से दरवाजा बंद कर खाना खाने गई थी मां

सरगुजा। सरगुजा जिला के मैनपाट में शनिवार की देर रात आगजनी से घास के घर में सो रहे तीन मासूम बच्चे जिंदा जल गये। जिन तीन बच्चों की मौत हुई है वह मांझी जनजाति के हैं और गरीबी के कारण घास फूस के घर में रहने के लिए मजबुर थे। घटना इतनी हृदय विदारक थी कि देखने वाले सहम उठे। दो भाई-बहन की लाश एक दूसरे से चिपकी हुई थी, जबकि एक और मासूम की बॉडी उसी कमरे में अलग प?ी हुई थी। जिस तरीके से दोनों की लाश आपस में एक-दुसरे के आगोश में थी, अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी बड़ी बहन ने अपने छोटे भाई को बचाने के लिए काफी कोशिश की होगी लेकिन वह नहीं बचा पाई और तीनों की जलने से मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार मैनपाट के बरीमा पकरीपारा निवासी देव प्रसाद मांझी जो कि महाराष्ट्र पुणे में मजदूरी का काम करता है।उसकी पत्नी सुधनी मांझी अपने चार बच्चों के साथ मिट्टी के दीवार और घास फूस की छत में रह रहे थे। शनिवार की रात सुधनी मांझी अपने 3 बच्चे गुलाबी उम्र 8 वर्ष,सुषमा उम्र 5 वर्ष व 2 वर्षीय पुत्र राम प्रसाद को घर में सुलाकर रात्रि 10 बजे घर के बाहर का सीटकनी लगाकर अपनी ब?ी पुत्री के साथ पास में ही गांव में कहीं किसी कार्यक्रम में खाना खाने गई हुई थी। रात्रि 2 बजे के आसपास उसके घर मे भीषण आग लग गई और सिटकनी बंद होने से तीनों मासूम बच्चे बाहर नहीं निकल पाए और जिंदा जल गये।

आग लगने की जानकारी सुधनी मांझी के पड़ोसियों को सबसे पहले रात्रि ढाई बजे लगी जब वह भी उसी कार्यक्रम से दावत खाकर पहुंचे थे,तब वह देखे कि घर में भीषण आग लगी हुई थी और बड़ी-बड़ी लपटे उठ रही है, पड़ोसियों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग नहीं बुझ पाई। कई घंटे के मशक्कत के बाद जब वह आग पर काबू पाए तो तब तक तीनों जलकर खाक हो चुके थे।

**चूल्हे से आग लगना हो रहा प्रतीत- एडिशनल एसपी**

सरगुजा एडिशनल एसपी अमोलक सिंह ढिल्लो से आगजनी के संदर्भ में बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि महिला का घर मिट्टी के दिवार और घास फूस और प्लास्टिक के छत से बना था, जांच में प्रथम दृश्या जो सामने आया है, घर के अंदर चूल्हा में आग होगा उसी से किसी कारणवश आग चूल्हे से ही फैली होगी जिससे यह घटना हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है, एफएसएल की टीम ने भी जांच की है, रिपोर्ट आने के बाद खुलासा हो सकेगा।

## पुलिस ने किया 51 स्कूल बसों की चेकिंग



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस द्वारा रविवार को 51 बसों की चेकिंग किए जाने के दौरान तीन बसों को अनफिट पाए जाने पर 5600 रुपए का जुर्माना वसूला गया। बता दें कि 14 अप्रैल को अपर परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में परिवहन एवं यातायात विभाग के संयुक्त टीम द्वारा विद्यार्थियों के सुरक्षा हेतु जिला-राजनांदगांव के विभिन्न स्कूली बसों का निरीक्षण एवं दस्तावेज जांच किया गया।

**तीन अनफिट वाहनों से वसूला 5600 रूपये जुर्माना**

उक्त जांच के दौरान तीन वाहन अनफिट पाये जाने पर 5600 रु. जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही मेडिकल टीम द्वारा सभी स्कूल बस चालकों का नेत्र जांच किया गया।

# आम्बेडकर जयंती पर कलेक्ट्रेट में प्रार्थना सभा आयोजित







राजनांदगांव (दावा)। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 133 वीं जयंती शहर सहित पूरे अंचल भर में धूमधाम से मनायी गयी। शहर में जहां 14 अप्रैल को भीम अनुयाईयों की विशाल बाइक रैली निकाली गई। वही कलेक्ट्रेट में स्थित बाबा साहेब की आदम कद प्रतिमा के सामने प्रार्थना सभा में शेडो विधायक गिरीश देवांगन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े, पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, लव कुमार रामटेके आदि सहित बड़ी संख्या में भीम अनुयाईयों की उपस्थिति रही।

## शहर में बाबा साहेब की जयंती पर निकली भव्य बाईक रैली, नीले झंडे के साथ गूंजा जय भीम का नारा

इस दौरान बाबा साहेब आम्बेडकर की पूजा अर्चना की गई तथा भीम वंदन गान के साथ माहौल को जय भीम के नारों के साथ गुंजायमान किया गया। प्रार्थना सभा को छ.ग. शासन के पूर्व खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन सहित अन्य आम्बेडकर अनुयइयों ने संबोधित किया।

### मोटर सायकल रैली की रही धूम

शहर में 14 अप्रैल बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती पर धूमधाम के साथ रैली निकाली गई। बता दे कि 14 अप्रैल के एक दिन पूर्व हर में मोटर साइकल रैली निकाली गई। जिसकी शुरूआत आम्बेडकर चौक दिग्विजय स्टेडिस के समीप से की गई। रैली यहां से निकल कर तथा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः कलेक्टर परिसर में समाप्त हुई।

इसी तरह 14 अप्रैल को भी बाबा साहेब की जयंती की खुशी में तमाम आम्बेडकर अनुयाइयों ने शहर में भव्य मोटर सायकल रैली निकालकर बाबा साहेब के समता का संदेश दिया और शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए शहर को जय भीम के नारों से गुंजायमान किया। इस दौरान रैली में धम्म चक्र वाले नीले झंडे व बाबा साहेब का तैल चित्र शोभायमान हो रहे थे। मोटर सायकल रैली में बड़ी संख्या में युवकों के साथ युवतियां भी शामिल थी।

### जगह-जगह निकली भीम रैली

आम्बेडकर जयंती अवसर पर शहर में स्टेशन पारा, चिखली, राहुल नगर, लखोली, मोतीपुर, बसंतपुर, संजय नगर, भरका पारा आदि जगहों से धूमधाम के साथ भीम रैली निकाली गई जिसमें डीजे की धूम में बड़ी संख्या में आम्बेडकर अनुयाई झूमते नाचते नजर आए। सबसे ज्यादा रैली स्टेशन पारा, चिखली क्षेत्र से निकाली गई इससे स्टेशन पारा ओवर ब्रिज का मार्ग बाधित होते नजर आया। बता दे कि बाबा साहेब आम्बेडकर जयंती को लेकर भीम अनुयाईयों में हर्षोल्लास का माहौल रहा। 14 अप्रैल को जगह-जगह जयंती कार्यक्रम का आयोजन कर बाबा साहेब के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन व हार-फूल चढ़ा कर पूजा-पाठ के आयोजन किए गये। समाज के बुद्धिजीवियों ने इस दौरान बाबा साहेब की जीवन चरित्र के बखान भी किए। युवतियों ने धम्म वंदन का गान किया। यह कार्यक्रम सुबह से लेकर देर शाम रात तक जारी रहा। आम्बेडकर अनुयाइयों द्वारा निकाले गए जुलुस में भारत का बच्चा-बच्चा में जय भीम का नारा गूंजेगा जैसे गीत हवा में तैरते रहे।

# सीकर के फतेहपुर में कार के ट्रक से टकराने पर लगी आग में सात लोगों की मौत



सीकर। राजस्थान में सीकर जिले के फतेहपुर में रविवार को कार के ट्रक से टकरा जाने के बाद लगी आग में जलने से दो मासूम बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहपुर के आशीर्वाद चौराहे के पुल पर अपराह्न करीब ढाई बजे यह हादसा हुआ जिसमें कार के रुई से भरे ट्रक से टकराने के बाद कार एवं आस पास रुई बिखर गई और कार में आग लग गई। कार के आग से घिरे जाने पर कोई मदद नहीं कर पाया और ये लोग जिंदा जल गये। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी ने आग बुझाई और क्रेन की मदद से कार को मौके से हटाया।

उत्तर प्रदेश में मेरठ के रहने वाले दो परिवार के ये लोग खाटूश्याम मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। मृतकों में नीलम गोयल उनके पुत्र आशुतोष, मंजू बिंदल उनके पुत्र हार्दिक बिंदल एवं हार्दिक की पत्नी स्वाति बिंदल तथा उनकी दो मासूम पुत्रियां शामिल हैं।

# पुलिस ने दो नग तलवार सहित 14 नग चाकू जप्त कर 16 आरोपियों गिरफ्तार कर भेजा जेल

पेज 3 (14 अप्रैल न्यूज 24 2024-पुलिस )

राजनांदगांव(दावा)। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों की धर पकड़ अभियान के तहत गूंडे-बदमाशों से दो नग तलवार व 16 नग चाकू सहित अवैध शराब बेचने वाले से 800 लीटर शराब की जब्ती की है। शराब की कीमत तीन लाख तिरसठ हजार नौ सौ साठ रूपये बताई जाती है। इसी तरह अवैध गांजा के 3 प्रकरण में 10.350 कि.ग्राम गांजा कीमती 144000 (एक लाख चौंतालीस हजार) रूपये जप्त कर 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं अवैध जुआ/सट्टा के खिलाफ 31 आरोपी के पास से एक लाख नौ हजार नब्बे रुपये की जब्ती की गई है।

बताया जाता है कि इस क्रम में वाहन चेकिंग कर थाना कोतवाली एवं ओपी सुरगी पुलिस द्वारा कुल इकतीस लाख रूपये नगदी रकम जप्त किया गया है तथा एम.व्ही.एक्ट के तहत लगभग 1900 वाहन चालकों से 617400 (छः लाख सत्रह हजार चार सौ) रूपये समन शुल्क लिया गया है। इसी तरह अंतर्राज्यीय व अंतरजिला में जाकर 40 स्थाई वारंट, 357 गिरफ्तारी वारंट कुल 397 वारंटी गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय पेश किया गया है। इस मामले में 568 प्रकरणों में 652 आरोपियों के विरूद्ध धारा 151, 107,116 के तहत प्रतिबंधत्माक कार्यवाही कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया।

### चाकू व लाइट गन जब्त

बताया जाता है कि इस अभियान के तहत ऑनलाईन शापिंग साइट से मंगाए गए 13 नग चाकूओं एवं 03 नग लाईटर गन को जब्त की गई वहीं आचार संहिता के दौरान 04 गुंडा लिस्ट खोली गई है। यह अभियान लोकसभा चुनाव के दौरान कही कोई गड़बड़ी न हो जिसके लिये 04 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और 05 सरहदी जिला में नाकाबंदी पांइट लगाया गया है साथ ही 12 एसएसटी 12 फ्लाईंग स्काट 24 घंटे कार्यरत है।



## अवैध शराब बेचते हुये 150 आरोपी से 800 लीटर शराब जब्त

इस क्रम में आगामी लोकसभा निर्वाचन जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में 16 मार्च से लेकर 13 अप्रेल तक उक्त कार्रवाई की गई जिसमें आर्म्स एक्ट के 16 प्रकरणों में 16 आरोपियों के कब्जे से 02 तलवार, 14 चाकू जप्त कर आर्म्स एक्ट के तहत की गई कार्यवाही। अवैध कर आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत उपरोक्त कार्रवाई की गई।

### वाहन चालकों पर कार्रवाई

पुलिस द्वारा जहां अवैध जुआ/सट्टा के रोकथाम हेतु 09 प्रकरणों में 31 आरोपी के पास 109090 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। वहीं जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर लगभग 1900 प्रकरणों में 1900 वाहन चालकों से 617400 (छः लाख सत्रह हजार चार सौ) रूपये समन शुल्क कर एम.व्ही.एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आचार संहिता के दौरान अपराध रोकने के लिए 4 गुण्डा लिस्ट खोली गई है। आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान कही कोई गड़बड़ी न हो जिसके लिये थाना बागनदी, बोरतलाव, कल्लूबंजारी (छुरिया), बेंदारी (जोब) में अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बनाया गया जिसमें जिला बल एवं एसएसटी व एफएसटी की टीम आपराधिक गतिविधियों पर नजर बनाई हुई है। थाना सोमनी, डोंगरगांव, घुमका एवं थाना चिखली, सुरगी क्षेत्रों में नाकाबंदी पाइंट चेक लगाया गया है साथ ही 12 एसएसटी 12 फ्लाईंग स्काट 24 घंटे कार्यरत है जो आने जाने वाले तमाम वाहनों की निगरानी और चेकिंग की जा रही है।

# जयंती पर याद किये गये महात्मा ज्योतिबा फूले



## पूर्व सांसद मधुसूदन ने महात्मा फूले के आदर्शों को प्रासंगिक एवं अनुकरणीय बतलाया

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय अम्बेडकर चौक (भदौरिया चौक) में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले जी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव सहित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मलिखम केसरे, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र रामटेके, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, भाजपा नेतागण आशीष डोंगरे, शिव वर्मा, दीपेश शेण्डे, रानू मेश्राम, प्रकाश गोंडाने, विनोद भारती, कमलेश बंधे, अनिल तुरकाने, अमन मेश्राम, कृष्णा तिवारी, प्रिवेश इलमकार, सिद्धार्त तिवारी उपस्थित रहे। पूर्व सांसद मधुसूदन ने ज्योतिबा फूले जयंती कार्यक्रम में उपस्थित रहकर समाजसुधारक, लेखक, दलित एवं महिला सशक्तिकरण के प्रणेता महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन एवं आदर्शो का पुण्य स्मरण करते हुए उनके चित्र पर माल्यापर्ण एंव पुष्पांजलि की। वरिष्ठ भाजपा नेता मधुसूदन ने अपने उद्बोधन में महात्मा फूले के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अपने समय का एक ऐसा महान समाज सुधारक, युग प्रवर्तक, लेखक, दार्शनिक एवं विद्वान बताया जिसने आजीवन समाज में वंचित और शोषित वर्ग के पथप्रदर्शक के रूप में और महिला शक्तिकरण के प्रणेता के रूप में कार्य किया एवं सदैव ही सामाजिक समानता के पक्षधर रहे। पूर्व सांसद ने महात्मा फूले को आदर्शो को आज भी प्रासंगिक एवं अनुकरणीय बतलाया।

# लायंस क्लब ऑफ नादंगांव के द्वारा नवरात्रि में पदयात्रियों की सेवा



राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब ऑफ नादंगांव के द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर पंचमी के दिन डोंगरगढ़ बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाले पदयात्रियों को बागेश्वरधाम मंदिर परिसर में फलों का वितरण किया गया, जिसमें लायंस क्लब ऑफ नादंगांव से लायन डॉ. आनंद वर्गीस, लायन प्रमोद बागड़ी, लायन योगेश गुप्ता, लायन ऋषभ नाहटा, लायन राजेश कोटडिया, लायन आकाश चोपड़ा, लायन नवीन तिवारी, लायन दिनेश अग्रवाल ने अपनी सेवाएं दी। यह जानकारी पीआरओ लायन अशोक श्रीवास्तव ने दी।

# सर्व नाई समाज के पदाधिकारियों ने किया कांग्रेस प्रवेश

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल जी के व्यक्तित्व एवं कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित कवर्धा सर्व नाई समाज के पदाधिकारियों को जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष होरी राम साहू के नेतृत्व में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव पंडरिया विधायक प्रत्यासी नीलकंठ चन्द्रवंसी ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया है। प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय ने बताया कि समाज के पदाधिकारीयो ने एक मत होकर कहा कि हम सब लोग राजनांदगांव के विकास के लिए कवर्धा एवं पंडरिया के विकास के लिए राजनांदगांव के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथ मजबूत करने के लिए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं हम सब लोग देश और प्रदेश के परिस्थितियों को समझते हुए कांग्रेस की विचारधारा से जुड़कर अपने विधानसभा अपने लोकसभा अपने प्रदेश में भाईचारा और विकास की स्थापना करने हेतु कांग्रेस को मजबूत करेंगे। सभी ने एक मत से कहा की राजनांदगांव लोकसभा से भूपेश बघेल ही सक्षम प्रत्याशी हैं जो राजनांदगांव लोकसभा कवर्धा और पंडरिया विधानसभा का विकास कर सकते हैं। सभी ने राजनांदगांव लोकसभा से भूपेश बघेल को भारी मतों से जीतने के भी अपील की है और कवर्धा पंडरिया में जीत दिलाने हेतु प्रयास करने की बात कही।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने सभी को कांग्रेस का गमछा पहनकर उनका सम्मान किया और कांग्रेस की संस्था ग्रहण करवाई इस अवसर पर कवर्धा के कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। सदस्यता ग्रहण करने वाले में प्रमुख रूप से राकेश कुमार चंद्रसेन, तामेश्वर सेन, अशोक श्रीवास, राजेश कुमार श्रीवास, नेतराम, चेतन श्रीवास, गौतम श्रीवास, संजय श्रीवास, द्वारिका श्रीवास, दिनेश श्रीवास, लवली श्रीवास, राजेश श्रीवास, खुमान श्रीवास, बहोरन श्रीवास, मनोहर श्रीवास, धनुष श्रीवास, राजेश श्रीवास, बरमुंडा पूनमचंद्र श्रीवास, दिनेश श्रीवास, कपिल श्रीवास विशंभर श्रीवास राजाराम श्रीवास दुर्गा प्रसाद श्रीवास सैलून संघ अध्यक्ष प्रमुख थे ।

## गायत्री साहू का निधन

दुर्ग, 14 अप्रैल (आरएनएस)। दुर्ग नगर निगम के वार्ड 52 बोरसी की पार्षद श्रीमती गायत्री साहू का आज 55 वर्ष की आयु में एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया वे कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रही थी उनका अंतिम संस्कार कल 15 अप्रैल सोमवार को सुबह 11 बजे उनके निज निवास बोरसी बस्ती से निकल बोरसी मुक्तिधाम में होगा।वे अपने पीछे पति एक पुत्र दो पुत्री का भरा परिवार छोड़ गई है।

# कोरोना की विपरीत परिस्थितियों के बाद भी मोदी जी के कारण देश का व्यापार फला फूला- खूबचंद पारख

## कांग्रेस राज्य में व्यापारी सदैव ही अपमानित रहा

राजनांदगांव(दावा)। डोंगरगांव में विधानसभा स्तरीय व्यापारिक सम्मेलन संपन्न हुआ, उसमें मुख्य वक्ता के रूप में लोकसभा चुनाव के सह समन्वयक खूबचंद पारख,दिनेश गांधी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, स्वरूपचंद जैन, राजा माखिजा, उत्तम गिड़िया, रामकुमार गुप्ता ने सम्मेलन को संबोधित किया।

इस अवसर पर खचाखच भीड़ से भरे व्यापारियों के हाल को खूबचंद पारख ने संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने व्यापारियों के लिए व्यापारिक कल्याण बोर्ड की स्थापना की है एवं विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत में छोटे व्यापारियों को तीन लाख करते लोन की सुविधा प्रदान की है एवं मध्यम व्यापारियों को को 10 लाख तक की मुद्रा लोन बिना गारंटी के देकर व्यापारियों का सम्मान बढ़ाया । लघु उद्योग को इंडस्ट्री लाने के लिए मोदी सरकार ने एवं प्रदेश की विष्णु देव साय की सरकार ने अपने घोषणा पत्र में उद्योग लगाने पर 50 प्रतिशत सब्सिडी देने की घोषणा की है, एवं इंटरेस्ट सब्सिडी के रूप में 40 प्रतिशत देने की घोषणा की हैं ,जो की सराहनीय कदम है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने व्यापारियों के हित में ध्यान दिया है । करोड़ों कल में भी विपरीत परिस्थितियों के बाद भी देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हुआ, इसके पीछे मोदी जी की कार्य कुशलता ही करण है। कांग्रेस की सरकारो ने सिर्फ व्यापारियों को जमांखोर, मुनाफाखोर जैसी अशोभनीय भाषा से अपमानित किया था आज मोदी सरकार ने इस प्रकार के कलख को व्यापारियों के ऊपर से मिटाने का काम किया। आज व्यापारी अपना सीना तानकर व्यापार कर सकता है। अपने विचार मोदी के कल्याणकारी योजनाओं को व्यापारी के द्वारा जन जन पहुंचने की अपील की डोगरगांव विधानसभा के सम्मेलन में विकास गोलछा, विजय जैन, उतम नाहटा, वैभव गांधी, गुलशन हिरवानी, बालमुकुंद देवांगन, राजकुमार जी बोहरा, ताराचंद लोठा ने अपने विचार रखते हुए मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं को व्यापारियों के द्वारा जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने बैगानी भाषा में शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई

कवर्धा, 14 अप्रैल (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे और स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र चिल्फी एवं लूप का भ्रमण किया। कलेक्टर श्री महोबे और सीईओ श्री अग्रवाल ने स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्फी में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप में उपस्थित होकर बैगा आदिवासियों को मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की । इस दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने सबको शपथ दिलाई एवं नारे के माध्यम से जनसमूह को इस मतदाता जागरूकता अभियान के साथ जोड़ा। कार्यक्रम के दौरान रोचक बात ये रही कि कलेक्टर श्री महोबे ने बैगानी भाषा में सबको मतदान के लिए शपथ दिलाई। जिसका समुदाय पर गहरा प्रभाव पड़ा। कलेक्टर को अपनी भाषा में बात करते देख उपस्थित बैगा मतदाताओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई जिसके बाद स्वस्फूर्त अनेक लोगों ने बैगानी भाषा में शत प्रतिशत मतदान के लिए मंच में आकर अपील की। कार्यक्रम के दौरान मानव श्रृंखला बनाकर सबने शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया।कार्यक्रम में शमनीष भारती सीईओ जनपद पंचायत बोडला, एपीसी अवधेश नंदन श्रीवास्तव सहित आत्मानंद विद्यालय के शिक्षक गण व बड़ी संख्या में क्षेत्र वासी उपस्थित थे।

# भाजपा का कोल प्रेम रूपी महत्वाकांक्षी चारागाह है रेल परियोजना - कांग्रेस



## 300 करोड़ की दुहाई देने वाली भाजपा 500 करोड़ का काम तो बताएं- रूपेश दुबे

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे द्वारा डोंगरगढ़ कटघोरा रेल लाइन सहित रेल में अपनी उपलब्धि बताने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कटाक्ष करते हुए कहा मात्र ज्ञापन देकर अपनी औपचारिक हाजरी लगाने वाले सांसद संतोष पांडे पहले डोंगरगढ़ कटघोरा रेल लाइन की उद्देश्य जो वित्त मंत्री अरुण जेटली जी ने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया जिसे 27 सितंबर 2018 को तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल ने अपने सोशल मीडिया में पोस्ट किया उससे परिचित हो क्योंकि उससे यह साफ खुलासा हो गया था कि डोंगरगढ़ कटघोरा रेल लाइन छत्तीसगढ़ में कॉल खदानें हैं, उसके कॉल परिवहन को देखते हुए यह योजना लागू की गई है साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के कॉल खनन को जो डेढ़ सौ एमपीपीएस था उसे ढ़ाई सौ एमपीपीएस करने के उद्देश्य से इस परियोजना को लागू कर अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना उन्होंने अपने प्रेस वार्ता में साबित कर दी थी। वर्ष 2020-21 के केंद्रीय बजट में 500 करोड़ की राशि स्वीकृत होने के बाद भी कोई कार्य धरातल पर नजर नहीं आ रहा है और तो और छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा अपने बजट में 300 करोड़ का प्रावधान किए जाने की बात को भाजपाई गले फाड़-फाड़ कर दुहाई दे रहे हैं।

श्री पांडे जी कवर्धा में जो रेलवे का बुकिंग काउंटर था उसे पोस्ट ऑफिस में मर्ज हो जाने से उसको पृथक करने में भी सक्षम नही रहे और कर्मचारियों के अभाव में कवर्धा के निवासी रेल टिकट प्राप्त करने के लिए भी निरंतर परेशान होते रहे हैं डोंगरगढ़ कवर्धा कटघोरा रेल लाइन में स्टेशनों की दूरी ग्राम से दूरी बड़ी समस्या रही जिसके कारण ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने 24 सितंबर 2022 को जनहित को सुविधा उपलब्ध कराने सर्वे में संशोधन हेतु रेल मंत्री को पत्र लिखा किंतु रेल विभाग जनहित के लिए बेसुध रहा रेलवे और केंद्र सरकार साढ़े चार साल में योजना पूर्ण करने की बात कही उसमे कितना अमल कर सकी साथ ही इस रेल परियोजना के लिए जनहित के लिए क्या किया सांसद जी इसका खुलासा करें। क्योंकि 6 अक्टूबर 2018 को करोड़ों का टेंट लगा कर आचार संहिता के दिन भूमिपूजन कर भाजपा श्रेय लिया था वही नौटंकी अब तक भाजपा व सांसद कर रहे हैं।

## अनमोल दावा

> कोई भी व्यक्ति जो अच्छा काम करता है, उसका कभी भी बुरा अंत नहीं होगा, चाहे इस काल में हो या आने वाले काल में।

## सम्पादकीय

# युद्ध के मंडरा रहे बादल से अमेरिका सहित सभी चिन्तित

केन्द्र की सरकार ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि, देशवासियों को वर्तमान हालात में ईरान व इजरायल नहीं जाना चाहिए। भारत के ईरान व ईजराइल, दोनों ही देश के साथ अच्छे संबंध हैं। इस कारण, भारत सरकार नहीं चाहती कि दोनों ही देशों में युद्ध छिड़ जाए। अगर, युद्ध होता है, तो भारत पर इरान-इजराइल में रहने वालों भारतीयों को देश में लाने की जिम्मेदारी रहेगी। इस कारण, प्रधानमंत्री मोदी नहीं चाहते कि एक नया काम करने बाध्य होना पड़े। ईरान और इजराइल में रहने वाले भारतीयों को कहा गया है कि आप इन्डियन एम्बेंसी जाकर रजिस्ट्रेशन करवाएं। अपना खुद का ध्यान रखें। गत दिन एयर इन्डिया ने भी घोषणा की है कि हमारे हवाई जहाज ईरान की एयर स्पेश पर से नहीं उड़ेंगे। अमेरिका ने भी अपने देशवासियों के लिए यही एडवाईजरी जारी की है। अमेरिका के जासूसी तंत्र ने कहा है कि, अधिकतम 24 घण्टे में ईरान इजराइल पर हमला करेगा। वैसे, ईरान के भी हालात ठीक नहीं है। किन्तु, इजराइल ने जिस प्रकार से आक्रमण किया था, उसे देखते हुए ईरान ने इसे अपने प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाया है।

ईरान ने पहले ही कहा था कि, हम इजराइल का नाम ही नक्शे से मिटा देंगे। हमास ने हमला किया तब ईरान ने उसका समर्थन किया था। इजराइल ने सीरिया में ईरान की एम्बेसी पर सीधा हमला किया। उसके बाद तो अब ईरान को जवाब तो देना ही है। अगर, ईरान ऐसा नहीं करता तो उसे शर्मनाक स्थिति से गुजरना होगा। अमेरिका ने ईरान को धमकी दी है कि अगर उसने इजराइल पर हमला किया तो हम भी युद्ध के मैदान में उतरेंगे। अमेरिका और ईरान के बीच की दुश्मनी से हर कोई वाकिफ है। पिछले 45 सालें से उनके बीच अनबन है। इसी बीच कुछ समय के लिए दोनों के संबंध सुधरे थे। बराक ओबामा जब अमेरिका के प्रेसीडेन्ट थे, तब उन्होंने ईरान के साथ न्यूक्लियर समझौता किया था। डोनाल्ड ट्रम्प जब अमेरिका के प्रेसिडेन्ट हुए तब उन्होंने ईरान के साथ समझौता तोड़ डाला था। ट्रम्प ने ईरान को फिर से नई डील करने के लिए कहा था। ईरान ने इससे इन्कार किया था। उस समय, इसी बात को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध जैसे हालात निर्मित हो गए थे। बाद में अमेरिका ने युद्ध करने का इरादा टाल दिया था। ईरान भी दयनीय स्थिति में था, वह भी युद्ध करना नहीं चाहता था।

अब युद्ध के नए बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिका के आर्थिक हालात ठीक नहीं है। वह दिवालिया होने के कगार पर है। विश्व की महाशक्ति कहलाने वाला, जो इजराइल का मित्र है किन्तु आज इजराइल भी अमेरिका को तवज्जो नहीं देता। अमेरिका ने साफ शब्दों में इजराइल के प्रधानमंत्री बेन्जामीन नेतन्याहू को कहा कि आप सीमा पार कर रहे हैं। जिस पर से नेतन्याहूब ने कहा था कि हमारी सीमा हम जानते हैं। इजराइल के हमले में हमास के आतंकी मारे गए थे। किन्तु, उससे अधिक अनेक गुना पेवेस्टाईन के निर्दोष लोग मारे गए थे। युद्ध प्रेमियों को विवेक से काम लेना चाहिए और युद्ध करने के पहले सौ मरतबे सोचना चाहिए।

विश्व आज पहले से ही दो-दो युद्ध का साक्षी है। रूस और युक्रेन युद्ध को दो साल दो माह हो रहे हैं। इजराइल और हमास के युद्ध को भी सात माह हो रहे हैं। अब जो ईरान हमला करेगा तो अन्य अनेक देश भी उस युद्ध में शामिल होंगे। इसकी संभावना बलवती है। अमेरिका ने ईरान के विरूद्ध लड़ने की मानसिकता बना ही ली है।

उसने निकट के समुद्री इलाके में अपने युद्ध जहाजों का जमावड़ा भी कर दिया है। अमेरिका भीतर से नहीं चाहता कि ईरान और इजराइल के बीच युद्ध छिड़े। क्योंकि, अमेरिका का आर्थिक पक्ष छिन्नभिन्न स्थिति में है। उधर, विश्व के मुस्लिम राष्ट्र भी इस युद्ध में शामिल होंगे और उनके साथ संबंधों में दरार आयेगी। रूस के सामने अमेरिका युक्रेन के कंधे पर बन्दूक रख मैदान में है। जिसके कारण, अमेरिका भी दयनीय स्थिति में है।

अब अगर नया युद्ध इजराइल और ईरान के बीच होता है तो वह निसंदेह कंगाल हो जाएगा। विश्व के अनेक देशों का मत है कि अब कोई नया मोर्चा न खुले तो अच्छा यूं भी पहले से ही सभी परेशान हैं। अब नया युद्ध कैसे बर्दाश्त करेंगे?

# बीजेपी ने विदेशी राजनीतिक दलों को क्यों भेजा न्योता?

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी यानी बीजेपी ने कई देशों के क़रीब 25 राजनीतिक दलों को अपना चुनावी प्रचार दिखाने और रणनीति समझाने के लिए भारत बुलाने का न्योता भेजा है.इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक़, बीजेपी के निमंत्रण पर दुनिया के कई देशों से राजनीतिक पार्टियां लोकसभा चुनावों के दौरान भारत आने वाली हैं.

अख़बार लिखता है कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'नो बीजेपी' यानी बीजेपी को जानिए) नाम से एक अभियान शुरू किया है, जिसके तहत पार्टी विदेशों में संपर्क बनाने में लगी है. सूत्रों के हवाले से अख़बार लिखता है कि बीजेपी ने इसके लिए 25 से अधिक राजनीतिक पार्टियों को न्योता भेजा था, जिसमें से 13 पार्टियों ने भारत आने की पुष्टि की है. अमेरिका की डेमोक्रेट्रिक और रिपब्लिकन पार्टी को बीजेपी ने निमंत्रण नहीं भेजा है.अख़बार को एक बीजेपी नेता ने बताया कि इसका एक कारण तो ये है कि अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं, दूसरा ये कि पार्टियों के गठन के मामले में अमेरिका और भारत की पार्टियों में बड़ा फर्क है.हालांकि बीजेपी ने यूके की कंज़र्वेटिव और लेबर पार्टियों के नेताओं के साथ साथ जर्मनी के क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स और सोशल डेमोक्रेट्स के नेताओं को भी निमंत्रण दिया है.

अख़बार लिखता है कि भारत के दो अहम पड़ोसियों चीन और पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण रिश्तों के कारण यहां से किसी भी पार्टी को इसके लिए निमंत्रण नहीं दिया गया है.वहीं बांग्लादेश की सत्ताधारी शेख़ हसीना की अवामी लीग को भारत आने का न्योता दिया गया है. यहां विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को निमंत्रण नहीं भेजा गया है.हाल में बीएनपी ने बांग्लादेश की सोशल मीडिया पर %इंडिया आउट% अभियान चलाया था और भारत से आयात होने वाली चीज़ों का बहिष्कार करना शुरू किया था. वहीं माओवादी पार्टियों समेत नेपाल की सभी बड़ी पार्टियों को बीजेपी ने निमंत्रण दिया है. श्रीलंका की भी सभी मुख्य



राजनीतिक पार्टियों को चुनाव देखने का न्योता दिया गया है. अख़बार लिखता है कि बीजेपी को उम्मीद है कि ये पार्टियां लोकसभा चुनाव के चौथे और पांचवें चरण के दौरान भारत का दौरा कर सकती हैं. इन विदेशी ऑब्ज़र्वर्स को पहले राजधानी दिल्ली में बीजेपी के बारे में बताया जाएगा, जिसके बाद पांच या छह लोगों के समूहों में इन्हें चार-पांच लोकसभा क्षेत्रों में ले जाया जाएगा, जहां ये बीजेपी उम्मीदवारों से मुलाक़ात कर सकेंगे. इमेज कैप्शन,इलेक्टोरल बॉन्ड राजनीतिक दलों को चंदा देने का एक ज़रिया था. यह एक वचन पत्र की तरह था जिसे भारत का कोई भी नागरिक या कंपनी भारतीय स्टेट बैंक की चुनिंदा शाखाओं से ख़रीद सकता था और अपनी पसंद के किसी भी राजनीतिक दल को गुमनाम तरीक़े से दान कर सकता था. सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड को अवैध करार दिया.20 कंपनियों ने ग़ैर-क़ानूनी तरीके से राजनीतिक दलों को दिया चंदातीन साल से कम वक़्त के अस्तित्व वाली कंपनियों को राजनीतिक चंदा देने की अनुमति नहीं होती है. ऐसा करना ग़ैर-क़ानूनी होता है.मगर इलेक्टोरल बॉन्ड के ज़रिए ऐसी कम से कम 20 कंपनियों ने 103 करोड़ रुपये का चंदा दिया है.

द हिंदू में छपी एक ख़बर के अनुसार, इनमें से पांच कंपनियां ऐसी हैं जिन्होंने जब अपना पहला इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदा उस वक्त उन्हें बने सालभर भी नहीं हुआ था.वहीं सात कंपनियों की उम्र बॉन्ड्स खरीदते वक्त क़रीब एक साल थी और आठ कंपनियां ऐसी थीं जिन्हें बने हुए केवल दो साल ही हुए थे.अख़बार लिखता है कि इनमें से कई कंपनियां 2019 में उस वक्त शुरू हुई थीं जब भारतीय अर्थव्यवस्था या तो सुस्ती से जूझ रही थी या फिर कोविड महामारी के असर से.इन कंपनियों ने अपने बनने के कुछ वक्त बाद ही करोड़ों रुपयों के इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीदे. अख़बार लिखता है कि बीते चार दशकों से मौजूदा क़ानून के अनुसार, नई बनी कंपनियां तीन साल पूरा करने से पहले चुनावी बॉन्ड्स या फिर किसी और तरीके से राजनातिक पार्टी को चंदा नहीं दे सकती हैं. बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा के एक बयान पर दिग्विजय सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. रामेश्वर सिंह ने कहा था कि मध्य प्रदेश से चुनाव हारने के बाद कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को पाकिस्तान भेजा जाएगा.अख़बार हिन्दुस्तान टाइम्स में छपी एक ख़बर के अनुसार रामेश्वर शर्मा ने सोमवार को कहा कि राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव हारने के बाद दिग्विजय सिंह को पाकिस्तान भेजा जाएगा. अख़बार लिखता है कि सोमवार को ब्यावरा में पत्रकारों से रामेश्वर शर्मा बोले, ÷बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कहा है कि वो ये सुनिश्चित करेंगे कि (राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले) ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में वो बीजेपी के उम्मीदवार को जितवाएंगे. हम लोकसभा सीट पर भी आठ लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल करेंगे.÷इसके बाद उन्होंने दिग्विजय सिंह पर तंज कसते हुए कहा, ÷जो राजा यहां पर घूम रहे हैं उनका बोरिया-बिस्तरा बांधकर उन्हें इस तरह यहां से भेज दिया जाएगा कि उन्हें हिंदुस्तान में नहीं बल्कि इस्लामाबाद और लाहौर में जगह मिलेगी. उनके फैन्स अब मध्य प्रदेश में नहीं है बल्कि सीमा के पार हैं.रामेश्वर शर्मा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि उनके वकील इस बयान को देख रहे हैं और इसके बाद ज़रूरी कदम उठाएंगे.राजगढ़ लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह को उतारा है. वहीं बीजेपी ने रोडमल नागर को उतारा है.2019 के चुनाव में दिग्विजय सिंह भोपाल सीट पर बीजेपी की प्रज्ञा सिंह ठाकुर से हार गए थे. कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी किया घोषणापत्र अग्निपथ योजना ख़त्म करने का वादा, ख़ास बातें कनाडा में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लगभग 10 महीने बाद सोमवार को एक गुरुद्वारा प्रमुख पर गोली चलने की ख़बर है निज्जर कनाडा के सर्रे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारा के प्रमुख थे. जून 2023 में उनकी हत्या कर दी गई थीटाइम्स ऑफ़ इंडिया में छपी एक ख़बर के मुताबिक़, निज्जर की हत्या के कुछ महीनों बाद एडमन्टन के एक गुरुद्वारे के प्रमुख बूटा सिंह गिल की एक निर्माणाधीन इमारत के पास हत्या कर दी गई है. बूटा सिंह गिल, कंस्ट्रक्शन कंपनी गिल बिल्ट होम्स लिमिटेड के भी मालिक थे.अख़बार लिखता है कि गोलीबारी में कथित हमलावर निक धालीवाल की जान चली गई. इसके साथ ही सरबजीत सिंह नाम के एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें गोली लगने की ख़बर है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 120: सीता जी के विवाह के निमंत्रण पर अयोध्या राजपरिवार में है हर्ष

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



राजा दशरथ अपने निजी मंत्रणा कक्षा में प्रसन्न मुद्रा में बैठे हैं। उनके समीप महारानी कौशल्या, सुमित्रा और कैकई भी हैं। महर्षि वशिष्ठ, पुरोहित वामदेव और मंत्री सुमंत भी उनके साथ हैं।

माता कौशल्या ने कहा, 'मिथिला की विदुषी राजकुमारी सीता के रूप सौंदर्य, संस्कारवान होने के संबंध में मैंने पहले भी सुन रखा है।'

माता कैकेई ने कहा, 'यह भी ज्ञात हुआ है कि सीता को अस्त्र शस्त्रों के संचालन में भी निपुणता प्राप्त है। क्षत्रिय राजकुमारी का यह भी सहज धर्म है।'

'आप क्या कहना चाहेंगीं सुमित्रा?'महाराज ने पूछा।

'इन विशेषताओं के संबंध में मैंने भी सीता की खूब प्रशंसा सुनी है। स्वयंवर के समय मुनि विश्वामित्र जी ने स्वयं सीता को देखा है। वे दोनों कुमारों के साथ ही हैं। अतः महाराज जनक के संदेश में उनकी भी सहमति अवश्य होगी। अतः मेरी दृष्टि में इस पर और अधिक विचार करने की जरूरत नहीं है।' महारानी कैकेई ने कहा, 'यह बात तो ठीक है लेकिन मुझे अभी भी यह समझ में नहीं आ रहा है कि अनायास जनकपुरी पहुंचे पुत्र राम स्वयंवर में सम्मिलित हो गए।क्या मिथिला नरेश को स्वयंवर का औपचारिक निमंत्रण अयोध्या नहीं भेजना चाहिए था?'

गुरु वशिष्ठ ने कहा, 'महारानी ऐसा आवश्यक नहीं था क्योंकि महाराज जनक ने स्वयंवर की घोषणा की थी और इसका प्रचार-प्रसार किया था।मेरी जानकारी में उन्होंने किसी को निमंत्रित नहीं किया था। सभी राजा और राजकुमार स्वेच्छा से वहां पहुंचे थे।'

पुरोहित वामदेव ने कहा, 'अगर ऐसा था तो यह सूचना हम लोगों तक कैसे नहीं पहुंची? क्या राजा जनक की वह घोषणा अयोध्या तक पहुंची ही नहीं या यहां पहुंचने पर उसे महाराज के सामने प्रस्तुत नहीं किया गया था?'

मंत्री विजय ने कहा, 'स्वयंवर की सूचना विधिवत अयोध्या भी पहुंची थी और उसे महाराज के सामने प्रस्तुत भी किया गया था।' महाराज दशरथ ने कहा, 'सूचना मिल गई थी और निमंत्रण नहीं होने पर भी मैं कुमार राम को इसमें भेजने के बारे में अवश्य विचार करता लेकिन मुझे स्वयंवर की शर्त अबूझ लगी। राजा जनक द्वारा अपनी पुत्री के विवाह के लिए शिव धनुष का इस तरह उपयोग करना मेरी समझ में नहीं आया। मुझे यह ज्ञात नहीं था कि उनकी सुपुत्री सीता इसे बचपन में खेल-खेल में ही उठा लेती थी। अब मेरी समझ में आया कि ऐसे में सीता के लिए योग्य वर का चयन कठिन था और शिव धनुष के माध्यम से महाराज जनक ने अपनी पुत्री के विवाह के लिए एक विशेष पद्धति अपनाई।'

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -027

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फुर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हवेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 026 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | बा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

### सू- दोकू क्र.027

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.026 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |



## कहानी

# क्षण भर की खुशी

एक दिन ''अखबारी पाठक मंच'' में एक खबर को लेकर भाग्य और कर्म पर अच्छी बहस छिड़ गई। बानी, गजपति और गिरधारी भाग्य को ही सब कुछ बता रहे थे, तो अकेला मंगलू मजदूर कर्म का पक्ष धर था। हर कोई अपने-अपने ढंग से अपने विचार की पैरवी कर रहे थे। आखिर बहस को उग्र होते देख, बानी ने कहा-''अब मैं हम सबसे वरिष्ठ गजाधर भाई से निवेदन करूंगा कि वे अपने विचार समापती भाषण के रूप में व्यक्त करें। हम सब उत्सुक हैं। गजाधर भाई मन्द-मन्द मुस्कराए फिर एक गिलास पानी पीकर बोले-''मित्रों, आप तीन ने 'भाग्य' को सर्वोपरि माना पर मैं तो मंगलू मजदूर के 'कर्म' का ही प्रबल समर्थक हूं। यानी मैं भी कर्मवादी हूं। ज्योतिष, कुण्डली, राशिफल जो अच्छे-बुरे भाग्य के दर्शन कराते हैं को मैं नहीं मानता क्योंकि कहा न, कि मैं विशुद्ध कर्मवादी हूं। वैसे तो मैं 'कर्म के गुण गान में, या कहिए 'कर्म' की पुष्टि में, अनेक 'सुभाषित' कहते रहता हूं पर आज आप सबको भी दो तीन महापुरूषों के कथन सुनाता हूं- पहला यह कि यदि मेहनत, आदत बन जाए तो कामयाबी मुकद्दर बन जाती है। दुसरा सुनिए-भाग्य हमेशा कर्मरत और पुरूषार्थी का साथ देता हैं और तीसरा स्वामी विवेकानन्द ने कहा है कि अब तक की सबसे बड़ी खोज यही हैं कि व्यक्ति महज अपना दृष्टिकोण बदल कर अपना भविष्य बदल सकता है।'

तभी मंगलू मजदूर बोला-'कुदाली, रापा वाला

मैं जादा तो नई जानत हों साहब पर मोला बाबूजी के बात मन ल सुन के एक बहुत पुराना फिलिम 'बाजी' के गाना के सुरता आगे। वो गाना अइस हे-

तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले,<br>
तकदीर बना ले।<br>
अपने पे भरोसा है तो एक दांव लगा ले,<br>
लगा ले, दांव लगा ले।'

फिर सभी ने एक स्वर से कहा- ''वाह-वाह! क्या खूब!! मंगलू।''

गजपति बाबू ने उठकर मंगलू की पीठ थपथपाते हुए कहा-''सचमुच भैया! तदबीर मानी तरकीब से, प्रयत्न से तकदीर को बदला जा सकता है। और तरकीब, प्रयत्न मतलब कर्म।'' बानी अपना झोला उठाते हुए बोले-''आज अच्छी बैठक जम गई। अब सभा समाप्त होती है। मुझे आलू-प्याज लेने बजार जाना है।''

दूसरे दिन सबेरे बानी जब गोशाला से दूध लेकर आ रहे थे, उन्होंने देखा आंगन में आराम कुर्सी पर बैठे हुए गजाधर भाई बड़े मनोयोग से इतवारी अखबार पढ़ रहे थे। वे धीरे-धीरे चलकर गजाधर भाई के पीछे खड़े हो गये। उन्होंने देखा-गजाधर भाई! दन्तचित्त जो पढ़ रहे थे, वे भी चश्मा लगा कर चुपचाप उसे पढ़ने लगे-''पूरा सप्ताह आनन्द दामक बना रहेगा। आरंभ से ही कार्य में गति रहेगी। भाग्य अनुकूल रहेगा एवं मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा। बुध और गुरूवार को धन की आवक अच्छी बनेगी एंव निराशा समाप्त होगी। कार्यस्थल पर सुविधाएं प्राप्त होंगी। शुक्रवार और शनिवार आय के मामलो में सबसे अच्छे दिन रहेंगे।''

एकाएक बानी बोल उठे-''आश्चर्य! महान आश्चर्य।।

कट्टर कर्म के उपासक भाग्यवादियों जैसे बड़ ध्यान से 'राशिफल' पढ़ रहे है! गजाधर भाई चकित हो गये। बोले-'अरे बानी! तुम कब आए, मुझे पता ही नहीं चला हॉं! बानी! मैं इस सप्ताह का अपना। राशिफल पढ़ रहा था वैसे तो मुझे राशि-वाशि फल में विश्वास नही है पर मालूम बानी! इसको पढ़ने से अवश्य ही मिलती है मुझे क्षणभर खुशी।'




गिरीश बख्शी

## राशिफल




**मेष** — आज आपका दिन घूमनेफिरने में अधिक बीतेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाए, रुके हुए पैसे वापस मिलेंगे।




**वृषभ** — आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आज कोई काम शुरू करते वक्त आपको सोंच विचार करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। नेत्र संबधित समस्या के लिए डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। आपको पैसों के लेन-देन में सावधान रहने की जरूरत है।



**मिथुन** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। नया ऑफिस ज्वॉइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आज नौकरी में उल्लास का माहौल बनेगा। डॉक्टर्स आज अपने सीनियर से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा।



**कर्क** — आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज दोस्तों केसाथ बाहर खाने का प्लान बनायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच समझकर कोई भी फैसला लेना चाहिए। आज आप कोई नया सामान खरीदने का मन बना सकते हैं। व्यापार में थोडा बदलाव लायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।




**सिंह** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज बड़ों का सपोर्ट आपको मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे। आज आपको वाहन सुख के योग बन रहे हैं। लवमेट आज एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे। स्कंद माता को फूल अर्पित करें, मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे।



**कन्या** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। बिजनेस में कोई डील आज फाइनल होगी। आज नए क्लाइंट्स के साथ मीटिंग करेंगे। अविवाहितों के चल रहे रिश्ते की बात जल्द पक्की होगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। किसी के सहयोग से आपको लाभ होगा।




**तुला** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने मे सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। दुर्गा जी की आरती करें, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।




**वृश्चिक** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए। माता पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। माता के सामने घी का दीपक जलाएं, जीवन में दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।




**धनु** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। कोई पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य अनुसार सहायता करेंगे। सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा। दुर्गा स्त्रोत का पाठ करें, स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।



**मकर** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप कोई मशीनरी खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेमभाव बढ़ेगा। लवमेट को मनचाहा उपहार मिलेगा। आर्ट्स के छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। स्कंदमाता को मीठे का भोग लगाएं।



**कुंभ** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का प्रोजेक्ट जल्द पूरा हो जाएगा, लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर बनेगा। परिवार के साथ माता दुर्गा की पूजा करें।



**मीन** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके सत्कार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको आय के नए साधन मिलेंगे। सिविल इंजीनियर्स का आज कोई पहले का प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। आज आपकी सकारात्मक सोच कार्यों में सहयोग करेगी। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें।

# भाजपा उत्तर, दक्षिण व ग्रामीण मण्डल ने जनसम्पर्क महाभियान शुरू किया

राजनांदगाँव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए शहर भाजपा के उत्तर व दक्षिण मंडल तथा ग्रामीण मण्डल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जी-तोड़ मेहनत प्रारंभ कर चुके हैं। इसके तहत तीनों मंडलों के युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, भाजपा मण्डल के पदाधिकारी व मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता जनसम्पर्क का महाभियान प्रारंभ कर चुके हैं।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कल भाजपा दक्षिण मण्डल ने नंदई चौक, फिरानतीन माता मंदिर, बाली अखाड़ा चौर, गोड़ पारा, सोनकर पारा, दाऊ बाड़ा, कोणर पारा, डबरी पारा, कुआ चौक, चौखड़िया पारा, वैष्णव मंदिर, झूलेलाल नगर, इंदिरा नगर क्षेत्रों में घर-घर जाकर भाजपा के पक्ष में प्रचार किया इसी तरह उत्तर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने भी अपने क्षेत्र यादव बस्ती, सतनामी मोहल्ला, आशीर्वाद कालोनी, शिव कालोनी, शीतला पारा, अटल आवास, सृष्टि कालोनी, रेसिडेसल कालोनी में घर-घर पहुंचकर भाजपा के कमल फूल निशान के लिए समर्थन माँगा। ग्रामीण मण्डल के कार्यकर्ताओं ने भी ग्राम रिवागहन, भानपुरी, धनगाँव, उसरीबोड़ व ढोड़ीया में जनसम्पर्क किया। इस दौरान प्रमुख रूप से दक्षिण मण्डल के जनसम्पर्क अभियान में कोमल सिंह राजपूत, तरुण लहरवानी, हकीम खान, गोलू गुप्ता, पारूल जैन, देवशरण सेन, राजेश यादव, मधू बैद, एकता अग्रहरी, मिथलेश्वरी वैष्णव, गणेश साहू, चिंटू सोनकर, अरुण साहू, मनोज यादव, इरफान खान, भारती सोनकर, सावित्री साहू, भानु साहू, लता यादव, संतोष साहू, सुनेरी साहू, भरोसा यादव, देवा सोनकर, पुनिया साहू, चंद्रिका साहू, रेनू सूर्यवंशी, करुणा राजपूत, सविता बोस, मंजु यादव, गायत्री गौतम, देवबती साहू, सुभाष हरिहारणों, किरण तिवारी, सुरेन्द्र सोनकर, चिंटू सोरी उपस्थित रहें। इसी तरह उत्तर मण्डल के जनसम्पर्क अभियान में अतुल रायजादा, हर्ष रामटेके, किसन यदु, सरस्वती यादव, छाया तिवारी, पंकज कुकरेजा, शिव वर्मा, गगन आईच, विजेंद्र प्रताप दस, मुकेश बघेल, प्रमोद, अरुण साव, चंद्रभान जंघेल, टीका राम त्यागी, भुनेश्वरी साहू, संगीता मिश्रा, संगीता मानिकपुरी, लक्ष्मी कोसरिया, साक्षी भाटिया, सुषमा दिवाकर, रामकुंवर, टूमेश्वरी उईके, रवि बंजारे, अश्वनी गुप्ता, ठालेश वैष्णव, अंकुर आर्य उपस्थित हुए। ग्रामीण मण्डल द्वारा किए गए घर-घर पहुँचों अभियान में प्रमुख रूप से देवकुमारी साहू, पुष्पा गायकवाड़, प्रभा साहू, उषा साहू, रुखमनी साहू, देववत्ति मांडवी, कुंजबिहारी व श्याम ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए विधायक यशोदा वर्मा कर रही धुआंधार जनसंपर्क, गांव-गांव दे रही दस्तक

खैरागढ़ (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक खैरागढ़ के ग्राम भोथी, पोटिया, जालबांधा, पवनतरा, पेटी, घुमर्रा, करमतारा, बघमर्रा, रेंगाकठेरा, केकराजबोड़ एवं विभिन्न ग्रामों में क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के समर्थन में वोट देने की अपील कर रही। वही विधायक ने नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मान बढ़ाने वाले भूपेश बघेल किसान पुत्र है, जो किसानो के समस्या को भलीभांति समझते है।। भूपेश बघेल के वजह से ही आज किसान खुशहाल हुए है। इनके कार्यकाल में किसानो की फसल का अच्छा कीमत मिलता रहा है।



विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा विधानसभा क्षेत्र में लगातार गांव-गांव पहुंच कर न्याय का संदेश जन-जन तक पहुंचा रही है। कांग्रेस पार्टी के 5 न्याय सहित कांग्रेस पार्टी के विभिन्न जन हितैषी घोषणा पत्र को लेकर जनता के बीच जा रही है। इस अवसर पर उनके साथ जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया, दिनेश वर्मा, दिलीप शर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष दशमत जंघेल, गैंदलाल कुर्रे, उत्तम जंघेल, जनपद सदस्य हिमाचल राजपूत, कोमल वर्मा, वासु सिंह, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनसंपर्क में अछोली पहुचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

## क्षेत्रवासियों को दी अंबेडकर जयंती की बधाई



डोंगरगढ़ (दावा)। अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ग्राम अछोली पहुंचे। ग्रामीणजनों से मेल मुलाकात कर अंबेडकर अनुयायियों को अंबेडकर जयंती की बधाई दी। विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल व कांग्रेस जनों के साथ जनसंपर्क में निकले श्री बघेल ने ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा कि, केवल कांग्रेस की सरकार ही जनहितैषी है।

भाजपा सरकार को भ्रष्ट बताकर आगामी चुनाव में जनता को अपना बहुमूल्य वोट कांग्रेस के पक्ष में देने की अपील की।

# कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ियों का मान सम्मान बढ़ाया और विकास का रास्ता चुना - भूपेश बघेल

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा में कांग्रेस के कारवां से लोग जुड़ते जा रहे हैं। शनिवार को लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने छुरिया विकासखंड के दो दर्जन से अधिक ग्रामों में पहुंचकर लोगों से अपने पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि पांच साल की कांग्रेस सरकार ने भरोसा गढ़ा है और हम आपके इस विश्वास को विकास की नई ऊंचाई तक लेकर जाएंगे।



कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के साथ सेक्टर-बूथ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने छुरिया विकासखंड के ग्राम रामपुर, महाराजपुर, शिकारी टोला, झिथराटोला, मगरधोकरा, कल्लूटोला, पाटेकोहरा, सड़क चिरचारी, भर्री टोला, खोभा, जैतगुडरा, जोब, भर्रीटोला, पैरीटोला, बखरूटोला, नांदिया, बम्हनी, कल्लूबंजारी, मेटेपार, फाफामार, गैंदाटोला, गहिराभेड़ी, झालाटोला, भोलापुर में जनसंपर्क किया।

महिलाओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि आज नवरात्रि का पंचमी है। नवरात्र मातृशक्ति के पूजन का दिवस है। कांग्रेस मातृशक्ति का सम्मान करती है। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो बरसों से सम्मान की बांट जोह रही छत्तीसगढ़ महतारी को उनका सम्मान लौटाया गया। हमारे राज्य की संस्कृति और प्राकृतिक संपदा का बखान करने वाले गीत

**राजनांदगांव लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल का जनसंपर्क जारी**

अरपा पैरी की धार को राज्यगीत का दर्जा देकर कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़िया का मान बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की धान खरीदी नीति की सफलता है कि साल दर साल किसानों की संख्या बढ़ती गई। यह कांग्रेस सरकार के 5 वर्षों के कार्यकाल की देन है की अब लोग खेती-किसानी करना चाहते हैं। जबकि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने किसानों का 15 सालों में इतना शोषण किया कि वे आत्महत्या करने मजबूर थे। आज कांग्रेस सरकार की सफल नीति से किसानों के घरों में खुशहाली है... खेतों में धान की फसल से लहलहा रही है।

भूपेश बघेल ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि - कांग्रेस जातीय जनगणना के आधार पर सभी वर्गों को समुचित आरक्षण मुहैया कराकर उन्हें अवसर देने की मंशा रखती है। लेकिन भाजपा इसकी विरोधी है। वह पिछड़े लोगों की विरोधी है। मोदी सरकार ने तो अब तक हर दस वर्ष में होने वाली जनगणना को भी रोके रखा है।भाजपा छत्तीसगढ़ के लोगों के विकास में अवरोध पैदा करती है और इसके लिए षड़यंत्र रचती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही बेहतर विकास का विकल्प है। छत्तीसगढ़ के जनता के हित की आवाज को दिल्ली तक पहुंचाने के लिए उन्होंने जनता से पंजा छाप में बटन दबाकर विजय के लिए समर्थन देने की अपील की।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल की बाउंड्री हुई धाराशाही

## फॉरेस्ट कॉलोनी की ओर पूर्व में बनाई गई थी बाउंड्री वॉल



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के मध्य भाग में स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की पूर्व में बनाई गई दीवाल के अचानक धाराशाही होने का मामला प्रकाश में आया है। दीवाल के गिरने से फॉरेस्ट कॉलोनी की ओर का भाग सार्वजनिक हो गया है। घटना के तत्काल बाद स्कूल स्टाफ व पुलिस विभाग की टीम पहुंच गई थी। खुले भाग की ओर से असामाजिक तत्व सहित लावारिस जानवरों का स्कूल परिसर के भीतर प्रवेश बिना बाधा के हो जाएगा। स्कूल की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन की ओर से प्राचार्य वाय यस राव ने चिंता जाहिर की है। प्राचार्य श्री राव ने कहा है कि सोमवार को पीडब्ल्यूडी विभाग को पत्र जारी कर शीघ्रता शीघ्र क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल के पुनर्निर्माण हेतु कहा जाएगा।

# लोकतंत्र के महापर्व में मोक्षधाम सांकरदहरा में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने किया दीपदान

राजनांदगांव (दावा)। लोकतंत्र के महापर्व में छुरिया विकासखंड के ग्राम देवरी में शिवनाथ नदी तट पर स्थित मोक्षधाम सांकरदहरा में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदान में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्वीप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी उत्साह एवं खुशी के साथ शामिल हुए। मोक्षाम सांकरदहरा का तट दीपों की श्रृंखला से जगमगा उठा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन अन्तर्गत मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में गांव-गांव में स्वीप कार्यक्रम के तहत बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं अपने-अपने ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर रही है।



**○ ग्राम सांकरदहरा में दीपदान कर लिया शत-प्रतिशत मतदान का लिया गया संकल्प**
**○ दीपों की श्रृंखला से जगमगा उठा मोक्षधाम सांकरदहरा का तट**

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत मंदिर परिसर में रंगोली, मानव श्रृंखला एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के ग्रामीण उत्साह के साथ शामिल हुए और शत प्रतिशत मतदान की शपथ भी ली। जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने और शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य का हासिल करने स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ श्री नारायण बंजारा, डीईओ व एसडीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, बिहान महिला स्वसहायता समूह की सदस्य, आसपास के ग्राम पंचायत के सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सांसद प्रत्याशी के पक्ष में सांसद प्रतिनिधि मोंटी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ किया जनसंपर्क

डोंगरगढ़ (दावा)। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में डोंगरगढ़ शहर के वार्ड क्रमांक 14 एवम 15 में सघन जनसंपर्क कर केंद्र एवम राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया। जनसंपर्क के दौरान सांसद प्रतिनिधि मोंटी ने विष्णुदेव साय सरकार एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास, हर घर शौचालय, उज्ज्वला गैस, महतारी वंदन, मुद्रा लोन से लोगो को अवगत करवाया एवम योजनाओं के लाभान्वित लाभार्थियों से भी भारतीय जनता पार्टी को सहयोग करने अपील की।



सांसद प्रतिनिधि श्री मोंटी ने कहा कि आज देश के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना, राम मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना, लोकसभा एवं राज्यसभा से महिला आरक्षण बिल पास करवाना, देश के 140 करोड़ लोगो को करोना काल में मुफ्त वैक्सीन, भारतीय अर्थव्यवस्था को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप स्थापित करना और 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाना आदि कई ऐसे काम किए जिससे देश में उनकी लोकप्रियता बढ़ी। क्षेत्र की जनता से उन्होंने फिर से एक बार नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए संतोष पाण्डेय जी को सांसद के रूप में चुनने अपील की।।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता गीता मानिकपुरी, मीना यादव, अनिल यादव, शुभम परिहार, ऋषभ डकहा, चंद्रेश साहु, राजकुमार साहू, पूजा उजवने, सुशीला साहू, रिया साहू, रेणुका सिरसाम, ठागिया उईके, मंगतीन बाई यादव, जानकी साहू, गायत्री निषाद, मीना सिरसाम, उमा नाने, सुलोचना नाने, छाया सिरसाम, सकुंतला सिन्हा, कंचन साहू आदि कार्यकर्तागण भी उपस्थित हुए।

# सामान्य प्रेक्षक व कलेक्टर की उपस्थिति में किया गया मतदान दलों के द्वितीय चरण का रेंडोमाइजेशन

मोहला (दावा)। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 राजनांदगांव के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मोहला मानपुर एवं विधानसभा खुज्जी (आंशिक) के मतदान केंद्रों के लिए गठित मतदान दलों का द्वितीय चरण का रेंडोमाइजेशन कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में किया गया। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन एवं कलेक्टर एस जयवर्धन की उपस्थिति में मतदान दलों का द्वितीय चरण का रेंडोमाइजेशन किया गया। यह गठित दल मतदान दिवस पर अपने निर्धारित मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान कार्य को संपन्न कराएंगे।

## सामान्य प्रेक्षक ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से की भेंट, आदर्श आचार संहिता का पालन करने कहा

सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से भेंट कर आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी। उन्होंने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए निर्वाचन कार्य को शांति एवं पारदर्शिता पूर्वक संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि कोई भी सभा रैली, आम सभा के आयोजन के लिए नियमानुसार अनुमति अवश्य लें। इसी प्रकार प्रचार-प्रसार के लिए प्रकाशित बैनर, पोस्टर, विज्ञापन, प्रचार वाहन के लिए विधिवत अनुमति अवश्य लेने कहा है। इस दौरान सयुक्त कलेक्टर श्रीमति प्रेम लता चंदेल, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेंद्र भुआर्य सहित सभी राजनैतिक पार्टी प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# संविधान की जय हो, भारतीय संविधान जिंदाबाद-अरूण मेश्राम

(राजेश मेश्राम)

जोंधरा(दावा)। डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की 133वीं जयंती उन्हें सिर्फ याद करने की जयंती नहीं होती चाहिए अपितु यह जयंती हमारे लिए दृढ़तापूर्वक उनके बताएं आदर्श को आत्मसात करने की होनी चाहिए, क्योंकि डॉ बाबा साहेब पूरी जिंदगी दलित शोषितों और पिछड़ों को उनके बराबरी के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे समाज में सामाजिक समानता नहीं थी जाति के आधार पर दलितों से भेदभाव किया जाता था दलितों को मंदिर प्रवेश करने का अधिकार नहीं था। शिक्षा के क्षेत्र में समानता नहीं थी स्वयं बाबा साहेब आंबेडकर कक्षा से बाहर बैठकर अध्ययन किया।



बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन ही संघर्ष से भरा रहा । आगे चलकर ऐसे महान व्यक्ति द्वारा भारत का संविधान लिखा जाता है। जिसमें हम सबको समानता का अधिकार प्रदान किया गया है चाहे वह अवसर की सामानता हो या सामाजिक समानता हो इसलिए हम सब का कर्तव्य बनता है कि हम संविधान को समझें ताकि हम जान सके कि उस संविधान के माध्यम से हमें क्या-क्या अधिकार प्रदान किए गए हैं ? उक्ताशय के विचार छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम जोंधरा में आयोजित डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर अतिथि की आसंदी से अरुण कुमार मेश्राम प्राचार्य गिदरी ने व्यक्त किये । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्र के जनपद सदस्य देवारुराम मालेकर ने कहा कि जितनी जयकारा लगाना है डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की लगाये उन्होंने हमें अधिकार दिया कि हम चाहे जिसकी भी जयकारा लगा दें क्योंकि हमें यह अधिकार भी संविधान से ही प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम को जोंधरा ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेंद्र मेश्राम ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ बाबासाहेब आंबेडकर ने शिक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया क्योंकि वह अपने जीवन में जिस मुकाम पर पहुंचे इसका कारण ही शिक्षा था। शिक्षा से ही हमारा बौद्धिक विकास होता है और हम अच्छे और बुरे की बीच का फर्क कर पाते हैं । पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक श्री एम आर साहू ने कहा कि हम एक समाज में पैदा हुए हैं महान व्यक्ति को इस समाज का बनाकर रख दिया है जबकि वह एक समाज विशेष के नहीं अपितु संपूर्ण महामानव के लिए हुए हैं । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तम लाल साहू प्रधान पाठक, शिक्षक पेमुराम पिस्दा, शिवप्रसाद पिस्दा, केसर जांगड़े, शिखा बोरकर, सचिव बलीराम केराम, राजेंद्र मेश्राम, हरिश्चंद्र रामटेक, राहुल मेश्राम भुवनेश्वर दमगारे, मदनलाल सिन्हा, बिशेषर सिन्हा, खम्हन साहू, ढालसिंह निर्मलकर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## प्रभात फेरी निकाली गई

कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व ग्राम जोंधरा में बौद्ध उपासक, उपासिकाओं, और ग्रामीणों द्वारा डॉक्टर बाबासाहेब अमर रहे जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा के नारों के जय घोष के साथ गाली भ्रमण कर प्रभात फेरी निकाली गयी। जिसमें सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम को अंचल के पत्रकार राजेश मेश्राम ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हम खुली हवा मे आजाद होकर सास ले रहे है मनचाही जिंदगी का आनंद उठा रहे है एवं औरो की तरह भगवान के मंदिर में जाकर पूजा, उपासना एवं प्रार्थना कर पा रहे है। इसका श्रेय किसी को जाता है तो वह भीमराव आंबेडकर को है, जिन्होंने संविधान लिखकर हमें और आप को यह अधिकार प्रदान किया। इसलिए आज जरूरत है कि हम सब उस संविधान की जयघोष करें।

# भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगांव ने जीता स्वीप हॉकी मतदान कप 2024

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में स्वीप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगांव और खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव की महिला टीम के बीच मैच हुआ। स्वीप हॉकी प्रतियोगिता में खिलाडियों ने हिस्सा लेकर 26 अप्रैल को मतदान के लिए नागरिकों से आव्हान किया। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों द्वारा बॉल और हॉकी से स्वीप आकृति बनाकर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।



जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह ने भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगांव और खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव महिला विंग्स खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्वीप हॉकी प्रतियोगिता की विजेता टीम भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगांव को स्वीप हॉकी मतदान कप 2024 देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उप विजेता टीम खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने मतदाता सूची में जुड़े खिलाड़ियों को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और अन्य खिलाड़ियों से घर के अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल शुक्रवार को फिट राजनांदगांव, फिट वोटर्स, गुड मॉर्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम पुष्प वाटिका रानी सागर के पास आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी को हिस्सा बनने कहा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने खेल के साथ-साथ अच्छी पढ़ाई करने की सलाह दी। उन्होंने खिलाड़ियों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने मतदान दिवस 26 अप्रैल को अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने कहा।

# पहला कॉलम...

## चोट के कारण बाहर हुए धवन

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 7 या 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकते हैं। पीबीकेएस के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने इसकी पुष्टि की है। अगर धवन एक हफ्ते के लिए बेंच पर बैठते हैं तो वह आईपीएल 2024 के दो पीबीकेएस घरेलू मैच, मुंबई इंडियंस के खिलाफ (18 अप्रैल) और गुजरात टाइटंस (21 अप्रैल) से चूक सकते हैं। संजय बांगर ने कहा, कंधे में चोट के कारण धवन टीम से बाहर हैं। इसलिए, मैं कहूंगा कि उसके कुछ दिनों के लिए खेल से बाहर रहने की संभावना है। एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज, शिखर जैसा कोई, जिसके पास खेलने का अनुभव है ऐसे विकेट पर टीम के लिए बेहद अहम हो जाता है।धवन राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ पीबीकेएस के शनिवार रात के मैच में भी नहीं खेल पाए। सैम करन ने उनकी जगह टीम की कप्तानी संभाली। बांगड़ ने किंग्स की तीन विकेट से हार के बाद कहा, हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि वह उपचार के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देता है, लेकिन फिलहाल ऐसा लगता है कि वह कम से कम सात से 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकता है। धवन की अनुपस्थिति में राजस्थान रॉयल्स के ख़िलाफ़ पंजाब की टीम की कमान सैम करन के पास थी। जब करन टॉस करने आए तो यह थोड़ा सा चौंकाने वाला फ़ैसला लगा था, क्योंकि जितेश शर्मा ने सीज़न की शुरुआत से पहले चेन्नई में कप्तानों के सम्मेलन में भाग लिया था।

## वाहनों का एक्सपोर्ट 5.5 प्रतिशत घटा

नईदिल्ली। देश से वाहनों का एक्सपोर्ट बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 5.5 प्रतिशत घट गया है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स का कहना है कि कई विदेशी बाजारों में मौद्रिक संकट की वजह से देश से वाहनों के निर्यात में गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार, बीते वित्त वर्ष में कुल वाहन निर्यात 45,00,492 इकाई रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 47,61,299 इकाई था।

सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न विदेशी बाजारों में परिस्थितियां अस्थिर बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, ''कुछ देश, जहां हम वाणिज्यिक वाहन और दोपहिया निर्यात के मामले में बहुत मजबूत हैं, विदेशी विनिमय से संबंधित मुद्दों का सामना कर रहे हैं।''

पिछले वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों के निर्यात में जहां उल्लेखनीय गिरावट आई, वहीं यात्री वाहनों का निर्यात मामूली बढ़ा। उन्होंने कहा कि इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में कुछ अच्छा सुधार देखने को मिला है। खासकर दोपहिया वाहनों के खंड में।

## वैश्विक चिंताओं के कारण बाजार में उथल-पुथल जारी रहने की संभावना

नई दिल्ली। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि निवेशक चौथी तिमाही की कमाई और भू-राजनीतिक घटनाओं पर करीब से नजर बनाए हुए हैं, जो बाजार की दिशा तय करेगा।उन्होंने कहा कि आपूर्ति संबंधी चिंताओं के साथ-साथ मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे बाजार के सेंटीमेंट्स कमजोर हुए हैं।जून में दर में कटौती की निवेशकों की उम्मीद अमेरिका में अपेक्षा से अधिक मुद्रास्फीति, सकारात्मक अमेरिकी रोजगार और विनिर्माण डेटा के कारण धराशायी हो गई। नायर ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर देखें तो निवेशकों को लगता है कि चौथी तिमाही की कॉर्पोरेट आय कमजोर होगी, साथ ही मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों के वैल्यूएशन काफी ज्यादा हैं। इसको देखते हुए एफआईआई सावधानी बरत रहे हैं।आईटी क्षेत्र के भीतर, खर्च में मंदी और अमेरिकी नीति दरों के आसपास अनिश्चितताओं के बीच चौथी तिमाही की कमजोर आय के कारण बाजार में निवेशक सतर्क हैं। उन्होंने कहा, बैंकिंग शेयरों में मुनाफावसूली है, खासकर पीएसयू बैंकों में। बैंकों का क्रेडिट ग्रोथ धीमा है और वैल्यूएशन ज्यादा है।

## केबल कार हादसे में 174 लोग फंसे

इस्तांबुलः तुर्की में एक पर्वत के ऊपर केबल कार हादसा होने से उसमें 174 लोगों की जान मुश्किल में फंस गई। काफी देर तक सभी लोग हवा में ही लटके रहे। सूचना मिलते ही तुर्की के अधिकारियों मे हड़कंप मच गया। हेलीकॉप्टर और ऊंची क्रेन की मदद से शनिवार को हवा में लटके लोगों को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। बता दें कि बीते शुक्रवार को इस केबल कार की एक ट्रॉली खंभे से टकराकर खुल गई थी, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं 7 अन्य घायल हो गये थे। गृहमंत्री अली यरलिकाया ने शनिवार दोपहर च्एक्सज् पर इस बचाव अभियान के सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि इस बचाव कार्य में 607 तलाश एवं बचावकर्मियों तथा 10 हेलीकॉप्टर लगाए गए थे। उनके अनुसार, तुर्किये की आपात कार्रवाई एजेंसी एएफएडी, तटरक्षक बल की टीम, अग्निशमन दल एवं देश के विभिन्न हिस्सों से पर्वतीय बचाव दल भी इस कार्य में शामिल थे। शुक्रवार को अंतालया शहर के बाहर ट्यूनेकटेपे केबल कार में शाम लगभग साढ़े पांच बजे यह हादसा हुआ था।

# आईपीएल में चेन्नई ने मुंबई को 20 रन से हराया : पथिराना को 4 विकेट, धोनी ने 3 छक्के लगाए; रोहित का भी शतक



मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के एल-क्लासिको को चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 रन से जीत लिया। टीम ने मुंबई इंडियंस को उन्हीं के होमग्राउंड पर हराया। टीम से पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने शतक लगाया लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। रोहित ने 63 बॉल पर नॉटआउट 105 रन बनाए।

वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाए। मुंबई 6 विकेट के नुकसान पर 186 रन ही बना सकी।श्टस्य से मथीश पथिराना ने 4 विकेट लिए, उन्होंने ही अहम मौकों पर 4 बड़े विकेट लेकर टीम की वापसी कराई और मैच भी जिताया। टीम से एमएस धोनी ने भी आखिरी 4 गेंदों पर 3 छक्के लगाकर नॉटआउट 20 रन बनाए।

आईपीएल में एमआई और सीएसके के बीच मैच को एल-क्लासिको कहते हैं। दोनों टीमों के बीच ऐतिहासिक राइवलरी है, दोनों ने ही 5-5 खिताब जीते हैं। खास बात ये है कि 2010 में सीएसके ने अपना टाइटल एमआई को फाइनल में हराकर ही जीता था। वहीं एमआई ने अपने 5 में से 3 खिताब सीएसके को हराकर ही जीते हैं।

### सूर्या शून्य पर आउट हुए

मुंबई की शुरुआत इस मैच में दमदार हुई थी। ईशान किशन और रोहित शर्मा के बीच पहले विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी हुई। पथिराना ने एमआई के खिलाफ घातक गेंदबाजी की। उन्होंने इस मुकाबले में चार विकेट हासिल किए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सूर्या को 21 वर्षीय गेंदबाज ने शून्य पर आउट किया।

वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद तिलक वर्मा और हिटमैन के बीच तीसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी हुई। वह पांच चौकों की मदद से 31 रन बनाने में कामयाब हुए। इस मुकाबले में हार्दिक पांड्या का बल्ला नहीं चला। उन्होंने सिर्फ दो रन बनाए और आउट हो गए। तुषार देशपांडे ने उन्हें अपना शिकार बनाया।

### रोहित ने लगाया आईपीएल करियर का दूसरा शतक

इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने दमदार प्रदर्शन किया और अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक लगाया। उन्होंने 60 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। इस मैच में 36 वर्षीय बल्लेबाज ने 63 गेंदों में 11 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 105 रन बनाए। हालांकि, वह अपनी टीम को लगातार तीसरी जीत नहीं दिला सके। चेन्नई के लिए इस मैच में मथीशा पथिराना ने चार विकेट लिए जबकि तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान ने एक-एक विकेट हासिल किया।

### पॉवरप्ले में मुंबई की हुई थी आक्रामक शुरुआत

पॉवरप्ले खत्म हो चुका है। रोहित शर्मा और ईशान किशन के बीच छह ओवर में 63 रन की साझेदारी हो चुकी है। दोनों जबरदस्त फॉर्म में नजर आ रहे हैं। मुंबई को जीत के लिए 83 गेंदों में 143 रन की जरूरत है।

# एलियंस ने रोका अमेरिका-रूस के बीच परमाणु युद्ध! एस्ट्रोनॉट का दावा



नई दिल्ली। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के एस्ट्रोनॉट एडगर मिशेल चंद्रमा की सतह पर पैर रखने वाले छठे इंसान थे। अब उन्होंने एक अजीबो-गरीब दावा किया है। मिशेल ने दावा किया है कि धरती पर परमाणु युद्ध रोकने के लिए एलियंस ने दखल दिया था। अपोलो 14 में शामिल रहे मिशेल ने हथियारों के टेस्ट के दौरान सैन्य अधिकारियों द्वारा देखे गए अनआइडेंटिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स को लेकर भी हैरान करने वाली जानकारियां साझा की हैं।

एडगर मिशेल ने बताया कि किस तरह अहम मिसाइल साइट्स पर असामान्य वाहनों को देखे जाने की रिपोर्ट्स सामने आई थीं। उन्होंने न्यू मैक्सिको में व्हाइट सैंड्स वाले इलाकों की अहमियत पर भी बात की जहां इंसान ने साल 1945 में अपना पहला परमाणु हथियार टेस्ट किया था। बता दें कि मिशेल खुद भी न्यू मैक्सिको के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा है कि व्हाइट सैंड्स परणाणु हथियारों के लिए एक टेस्टिंग ग्राउंड था और एलियंस की रुचि इसी को लेकर थी।

मिशेल ने दावा किया कि एलियम हमारी सैन्य क्षमताओं के बारे में जानकारी लेना चाहते थे।नासा के इस पूर्व एस्ट्रोनॉट ने कहा कि एलियन हमें युद्ध से बचाने की कोशिश करते रहे हैं और हमारे ग्रह पर शांति को प्रोत्साहित करते रहे हैं। बता दें कि चंद्रमा पर लैंडिंग के बाद मिशेल ने खुले तौर पर एलियंस पर अपने भरोसे की बात स्वीकार की थी। उन्होंने कहा कि मैंने कोल्डवॉर के दौरान परमाणु हथियारों पर काम करने वाले एयरफोर्स के अधिकारियों से बात की है। उन्होंने मुझे बताया है कि कई बार यूएफओ देखे गए और कई बार उनके दिखाई देने के बाद मिसाइल डिसेबल हो गईं। यह साफ बताता है कि वह परमाणु युद्ध को रोकना चाहते हैं।मिशेल ने यह भी कहा कि अमेरिका और रूस के बीच स्थिति बीच में इतनी तनावपूर्ण हो गई थी कि परमाणु युद्ध बस होने ही वाला था। लेकिन एलियंस की वजह से ऐसा नहीं हुआ। मिशेल के इन दावों के बाद यूएफओ और एलियंस में रुचि व भरोसा रखने वाले लोगों में एक तरह से खुशी की लहर दौड़ गई है।

# भारतीय महिला पहलवानों का जलवा, राधिका को मिला रजत, शिवानी को कांस्य पदक

बिश्केक। एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने जलवा बिखेरा। राधिका ने 68 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। एशियाई चैंपियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है। राधिका ने 2022 में भी जीता था रजत



पिछले साल अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की गुलनूरा ताशतांबेकोवा को मात दी। हालांकि, उन्हें स्वर्ण पदक के मुकाबले में जापान की नोनोका ओजाकी से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार का सामना करना पड़ा।

### क्वार्टर फाइनल में मिली हार के बाद शिवानी ने की वापसी

भारत की एक अन्य पहलवान शिवानी पवार को 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जिकि फेंग से हार गईं थी, लेकिन चीन की इस पहलवान के फाइनल में पहुंचने के बाद उन्होंने रेपचेज के जरिये कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बना ली। उन्होंने मंगोलिया की ओट्गोनजार्गल डोल्गोज्राव को 9-7 से हराकर कांस्य पदक जीता। वहीं, 55 किग्रा वर्ग में तमन्ना को क्वलीफिकेशन दौर में जापान की मोए कियूका ने 9-0 से हराया, लेकिन कियूका के फाइनल में पहुंचने से तमन्ना भी पदक की दौड़ में शामिल हो गईं। वह हालांकि मौके का फायदा नहीं उठा सकीं और रेपचेज राउंड में उन्हें चीन की मिन यांग से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा।

# केकेआर ने लखनऊ पर हासिल की अपनी पहली जीत, सॉल्ट ने खेली तूफानी पारी, एलएसजी की लगातार दूसरी हार



कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स ने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की नाबाद अर्धशतकीय पारी की मदद से लखनऊ सुपरजाएंट्स (एलएसजी) को आठ विकेट से हराया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 161 रन बनाए थे, लेकिन केकेआर ने सॉल्ट के 47 गेंदों पर 14 चौकों और तीन छक्कों की मदद से खेली नाबाद 89 रनों की पारी की मदद से 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर मैच जीत लिया। आईपीएल इतिहास में इससे पहले केकेआर की टीम अबतक लखनऊ को नहीं हरा पाई थी, लेकिन उसने अपने होम ग्राउंड ईडन गार्डेंस पर केएल राहुल की अगुआई वाली टीम के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की।

### लखनऊ ने जीते थे तीन मैच

केकेआर और लखनऊ के बीच इससे पहले आईपीएल में तीन मुकाबले खेले गए थे और तीनों ही मैच लखनऊ ने अपने नाम किए थे। यहां तक कि पिछले साल ईडन गार्डेंस पर दोनों टीमों के बीच खेला गया मुकाबला भी लखनऊ ने एक रन से जीता था, लेकिन इस बार शानदार लय में दिख रही कोलकाता ने लखनऊ को मात देने में देरी नहीं की और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। केकेआर के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर 38 गेंदों पर 38 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि लखनऊ के लिए दोनों विकेट तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने झटके।

कोलकाता की टीम को पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम ने होम ग्राउंड पर जीत दर्ज कर वापसी की। कोलकाता ने अबतक पांच मैचों में सिर्फ एक ही मैच गंवाया है, जबकि चार मैच जीते हैं। केकेआर की टीम आठ अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है, जबकि केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा और टीम छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ छह अंक लेकर तालिका में पाचवें स्थान पर है।

# केएल राहुल ने तेज गेंदबाज शमर जोसेफ को डेब्यू का दिया मौका

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 का 28वां मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की टीमों के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम पहले बल्लेबाजी करेगी। रुस्त्र के कप्तान केएल राहुल इस मैच में बड़े बदलावों के साथ उतरे हैं। उन्होंने 24 साल के एक खिलाड़ी को डेब्यू का मौका दिया है। केएल राहुल ने इस मैच में 24 साल के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ को डेब्यू का मौका दिया है।

# ज्योतिष चमत्कार ( 15 अप्रैल 2024 )

**कल्याण**

| दिन | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 51 | 65 | 73 | 81 |
| मंगल | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 67 | 75 | 85 | 91 |
| बुध | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 79 | 87 | 93 | 01 |
| गुरू | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 89 | 95 | 03 | 15 |
| शुक्र | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 97 | 07 | 17 | 23 |
| शनि | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 09 | 19 | 29 | 37 |

**राजधानी नाईट**

| दिन | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 08 | 12 | 24 | 32 |
| मंगल | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 14 | 26 | 34 | 42 |
| बुध | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 28 | 36 | 46 | 54 |
| गुरू | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 30 | 48 | 56 | 68 |
| शुक्र | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 40 | 58 | 60 | 78 |

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 6 | 7 | 8 |
| स्पेशल | 34 | 65 | 79 | 80 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 9 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 4 | 5 | 8 |
| स्पेशल | 31 | 42 | 56 | 87 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | '70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | '79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 59 | 60 | 27 | 33 | 66 | 40 |
| XX | 97 | 55 | 39 | 08 | 91 |
| 96 | 64 | 97 | 41 | 49 | 36 |
| 44 | 32 | 88 | 83 | 64 | 67 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 76 | 13 | 34 | 56 | 51 |
| XX | 18 | 31 | 83 | 55 |
| 48 | 14 | 91 | 77 | 09 |
| 43 | 41 | 54 | 02 | 63 |

**2023 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -21-23-09

राजधानी नाईट 2023 -32-35-50-62-66-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

*विरासत के संरक्षण के साथ विकसित....*

समूहों से जुड़ी तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने, रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता के प्रचूर व बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का वायदा किया है। आयुष्मान योजना रहेगा जारी- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि घोषणापत्र में डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ और निवेश से नौकरी पर जोर है। उनके अनुसार, गरीबों को मुफ्त राशन देने के साथ ही उनकी थाली को पोषणयुक्त और सस्ती करने पर भी काम किया जाएगा। गरीबों का सालाना पांच लाख रुपये तक मुफ्त और कैशलेस इलाज सुनिश्चित करने वाली आयुष्मान योजना जारी रखने के साथ ही 80 फीसद तक सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने वाली जन औषधि केंद्रों के विस्तार का भी किया जाएगा। गरीबों के लिए जोड़े गए तीन करोड़ नए घर- गरीबों के लिए चार करोड़ पक्के घर देने की योजनाओं का विस्तार करते हुए इसमें तीन करोड़ नए घर और जोड़ दिये गए हैं। गरीबों के सस्ता गैस सिलेंडर देने की योजना भी जारी रहेगी, लेकिन अब छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में घर-घर पाइप के जरिये गैस पहुंचाने की योजना पर काम शुरू होगा। कई विपक्षी दल गरीबों को मुफ्त में बिजली देने की घोषणा कर रहे हैं। मुद्रा और स्वनिधि योजना का होगा विस्तार- भाजपा ने मोदी सरकार की सोलर रूफटाप लगाने की सूर्य घर योजना के माध्यम से मुफ्त बिजली के साथ-साथ कमाई का अवसर भी उपलब्ध कराने का वायदा किया है। स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में मुद्रा और स्वनिधि योजना की सफलता को देखते हुए भाजपा ने इसका विस्तार करने का वायदा किया है। मुद्रा योजना के तहत अभी तक बिना गारंटी के बैंकों से 10 लाख रुपये तक का लोन मिलता है, अब इसे बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया जाएगा। युवाओं को मिलेगी नई ताकत- प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के इस निर्णय से उद्योग 4.0 की जरूरतें पूरी होंगी और युवाओं को नई ताकत भी मिलेगी। इसी तरह से रेहड़ी, पटरी, ठेले वालों को 50 हजार रुपये तक लोन देने वाली स्वनिधि योजना विस्तार छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों तक किया जाएगा और ऋण की सीमा भी बढ़ाई जाएगी। किसानों के लिए सम्मान निधि रहेगा जारी- 10 करोड़ किसानों को सम्मान निधि मिलता रहेगा। इसके साथ ही ग्रामीण इलाकों में फूड प्रोसेसिंग यूनिट बड़ी संख्या में लगाने का

## प्रथम पेज का शेष

वायदा किया है। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, ये फूड प्रोसेसिंग प्लांट ग्रामीण क्षेत्र के लिए नए ग्रोथ के इंजन बनेंगे। सोशल, डिजिटल और फिजिकल तीनों क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली भाजपा इसकी गति को और तेज करने का वायदा किया है। 6जी की तैयारी पर जोर- नए शिक्षण संस्थाओं के निर्माण, 5जी के विस्तार और 6जी की तैयारी के साथ भी भाजपा ने काम सर्विस सेंटर व टेलीमेडिसिन के विस्तार सड़क, रेल, जलमार्ग के नेटवर्क के विस्तार के साथ अत्याधुनिक बनाएगी। इसके साथ ही शहरी की रफ्तार को देखते हुए नए-नए सैटेलाइट टाउनशीप बनाए जाएंगे। भाजपा ने भारत को दुनिया भर के उभरते क्षेत्रों का ग्लोबल हब बनाने का वायदा किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब भारत दुनिया का ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक, फार्मा, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, नवोन्वेश, लीगल इंश्योरेंस और कांट्रैक्टिंग एंड कमर्शियल जैसे क्षेत्रों का हब बनेगा।

तिरुवल्लुवर के सहारे तमिलनाडु को साधने की कोशिश- 19 अप्रैल को पहले चरण के दौरान तमिलनाडु के सभी सीटों पर मतदान के पहले भाजपा ने तमिल भाषा और तमिल अस्मिता के बड़े पैरोकार के रूप में खुद को पेश किया है। तमिलनाडु में डीएमके और एआईएडीएमके भाजपा पर हिंदी भाषी पार्टी होने का आरोप लगाने के साथ और तमिल भाषा और अस्मिता की रक्षक के रूप में खुद पेश करते रहे हैं। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में दुनिया की सबसे पुरानी भाषा तमिल की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए प्रयत्न करने का वायदा किया है। इसके लिए पूरी दुनिया में तिरुवल्लुर कल्चरल सेंटर्स बनाए जाएंगे।

*ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव..*

बाहर निकालने का भी काम करना पड़े। उधर, नई दिल्ली में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि ईरान आतंकी संगठन हमास की वित्तीय मदद करता है और अब उसने हमास के समर्थन में इजरायल पर सीधा हमला कर दिया है। उन्होने 331 क्रूज मिसाइलों व राकेट इजरायल पर दागे हैं लेकिन उन्हें हवा में ही मार गिराया गया है। ईरान में 5,000 तो इजरायल में 18,000 भारतीय- ईरान से ज्यादा भारतीय अभी इजरायल में है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि ईरान में करीब पांच हजार भारतीय हैं, जबकि इजरायल में पहले से 18 हजार भारतीयों के होने की सूचना है और हाल ही में 900 के करीब भारतीय श्रमिक वहां पहुंचे हैं। हालात बिगड़ने पर उनको बाहर निकालना सरकार की पहली प्राथमिकता होगी। पिछले वर्ष भी भारत ने इजरायल व हमास के बीच टकराव के दौरान 1500 के करीब भारतीयों को इजरायल से निकाला था। मौजूदा हालात में इजरायल को भारतीय श्रमिकों भेजने संबंधी योजना के भी स्थगित किए जाने की संभावना है।

*प्रधानमंत्री मोदी बदलना....*

चुनावों में इंडिया ब्लॉक के लिए एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम लाने का आग्रह किया। सिंह ने कहा कि उन्होंने जेल से रिहा होने के बाद खड़गे से समर्थन मांगा और कांग्रेस अध्यक्ष को यह भी बताया कि जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है। दिल्ली में कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

*मेघा इंजीनियरिंग : इलेक्टोरल..*

निर्माण कर रही है. कंपनी को कई राज्यों से बड़े ऑर्डर मिले हैं. वहीं कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही सिंचाई, सीएनजी-पीएनजी, बिजली और परिवहन जैसे क्षेत्रों में भी दखल रखती है. आयकर विभाग ने भी की थी कार्रवाई - यह पहली बार नहीं है जब मेघा इंजीनियरिंग विवादों में है. इलेक्टोरल बॉन्ड और अब सीबीआई द्वारा एफआईआर दर्ज करने से बहुत पहले मेघा ग्रुप के खिलाफ आयकर विभाग ने कार्रवाई की थी. अक्टूबर 2019 में आयकर विभाग ने ग्रुप के ठिकानों पर छापेमारी की थी. वहीं कंपनी की जांच में ईडी ने भी जांच की थी. 12 अप्रैल 2019 को ही कंपनी ने 50 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे थे. वहीं तेलंगाना में कलेश्वरम उपसा सिंचाई परियोजना को लेकर भी कई तरह के सवाल उठे थे. इस प्रोजेक्ट की करीब एक लाख करोड़ की लागत के कारण तेलंगाना में यह मुद्दा काफी गरमाया था. बांध के मुख्य भाग का निर्माण मेघा इंजीनियरिंग ने किया था. खास बात है कि मेघा इंजीनियरिंग के पीवी कृष्णा रेड्डी को तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का बेहद करीबी माना जाता था. ऐसे में प्रोजेक्ट को लेकर सवाल उठे थे.

# एनडीपीएस एक्ट के तहत घुमका पुलिस की गांजा तस्करी की दूसरी बड़ी कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। घुमका पुलिस ने गांजा तस्करी की दूसरी बड़ी कार्रवाई की है जिसके तहत आरोपियों के कब्जे से 6 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 90 हजार रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त 03 मोटर साईकल एवं 02 नग एंड्राइड मोबाइल फोन व 2 नग कीपेड मोबाइल कीमती 2 जप्त किया गया है।

पुलिस ने आरोपी कि नाम सचिन मैथिल क्षत्रिय पिता अशोक उम्र (19 साल) निवासी ग्राम मुड़बहादुर पुलिस चौकी जालबांधा थाना खैरागढ़ व कुंदन निर्मलकर पिता सुरेश निर्मलकर (24 वर्ष) निवासी ग्राम ईराइखुर्द थाना खैरागढ़ तथा दिनेश कुमार जंघेल पिता रामेश्वर (40 वर्ष) निवासी कोहका थाना सुपेला भिलाई जिला दुर्ग व किशन निषाद पिता स्व खोरबहारा (42 वर्ष) निवासी अवन्ति बाई चौक थाना सुपेला भिलाई जिला दुर्ग बताया है।

बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एवं लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान जिले मे अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम एवं अपराधों पर अंकुश लगाने अवैध शराब गांजा बिक्री एवं परिवहन पर कार्यवाही हेतु हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशानुसार जिला पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है उसी क्रम श्री गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घुमका क्षेत्र में अवैध गांजा परिवहन पर विशेष आसूचना तंत्र सक्रिय कर थाना घुमका से लगातार नजर रखी जा रही थी। इस दौरान घुमका पुलिस के द्वारा12 अप्रैल को मुखबीर सूचना पर कि देवछोटे टेमरी रोड ग्राम सलोनी के पास आरोपी सचिन मैथिल क्षत्रिय के द्वारा मोटर हीरो स्प्लेंडर प्लस में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री किया जा रहा है। उसे परिवहन करते हुए उसके कब्जे से एक शोल्डर बैग के अंदर रखा हुआ एक बंद पैकेट में रखा हुआ 2 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 30, हजार रूपये एवं परिवहन मे प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटर साईकल कीमती 50 हजार रूपये एवं एक नग एंड्राइड मोबाइल सेट कीमती 10, हजार रूपये कुल जुमला कीमती 90, हजार रूपये को जप्त किया गया।




गिरफ्तार आरोपी गांजा को ओड़िसा से खरीदकर छत्तीसगढ़ में करते थे तस्करी

मौके पर आरोपी से जप्त गांजा के संबंध एवं गांजा तस्करी में संलिप्त लोगो के बारे मे पूछताछ किया गया एवं आरोपी सचिन मैथिलक्षत्रि के मेमोरेंडम कथन के आधार पर गांजा को भिलाई से खरीदकर आरोपी को बिक्री के लिए देने में शामिल अन्य आरोपी कुंदन निर्मलकर निवासी ईरई खुर्द थाना घुमका को नगपुरा जिला दुर्ग से हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया था। आरोपी कुंदन के मेमोरेंडम कथन के आधार पर गांजा को ओड़िसा से खरीदकर भिलाई बिक्री के लिए लाने वाले तस्कर दिनेश जंघेल और किशन निषाद दोनों निवासी भिलाई को चिखली रोड नगपुरा से हिरासत मे लेकर दोनों आरोपियों के कब्जे से पृथक-पृथक 2-2 किलोग्राम कुल 04 किलोग्राम गांजा कीमती 60, हजार रूपये जप्त किया गया साथ ही घटना मे प्रयुक्त क्रमशः एक टीवी एस एक्सल मोटर साईकल व एक एच एफ डिलक्स मोटर साईकल कीमती 60, हजार रूपये व दो नग कीपेड मोबाइल सेट कीमत 2 हजार रूपये जप्त किया गया। इस प्रकार कुल प्रकरण में 06 किलोग्राम गांजा, 03 मोटरसाइकिल सहित 04 नग मोबाइल सेट जप्त किया गया है।

आरोपियों के विरूद्ध थाना घुमका में धारा 20(बी), 29 एनडी पीसी एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में रिमांड पर पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना घुमका से निरीक्षक विनय कुमार पम्मार प्रधान आरक्षक विजय राज आर गौतम सिंह, केयूरभूषण यादव, चंद्रप्रकाश साहू, यशवंत साहू, पुनेश्वर साहू, तारकेश्वर साय और साइबर से आदित्य सिंह एवं हेमंत साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री से सामाजिक भवन हेतु भूमि की मांग की सामाजिकगणों ने

डोंगरगढ़ (दावा)। सामाजिक गतिविधियों के संचालन एवं सामाजिक भवन के निर्माण हेतु वार्ड नंबर 3 स्थित भूमि की मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आदर्श बौद्ध समिति गौतम नगर समिति की ओर से की गई है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री श्री साय मां बमलेश्वरी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ आए थे। उस दौरान समिति के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी।

मुख्यमंत्री को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि वार्ड नं. 03 में स्थित प.ह.नं.27 बधियाटोला बडे झाड़ का जंगल खसरा नं.48 के भूमि की मॉग समाज द्वारा पिछले 2 वर्षों से की जा रही है। लेकिन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा आज तक



इस विषय पर कोई भी पहल व विचार नहीं किया गया। चूँकि यहाँ पर समाज की 2000 की जनसंख्या निवासरत है।

समाज का कोई भी भवन व भूमि उपलब्ध नही होने के कारण सामजिक व धार्मिक कार्यक्रम करने में बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पडता है। समाज के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को इस संबध में निरंतर पत्र के माध्यम से अवगत कराते रहे है। अनुसूचित जाति वर्ग के परिवार यहा विगत 40 वर्षो से निवासरत है और कई वर्षो से भूमि की मॉग करते आ रहे है। लेकिन आज पर्यन्त तक शासन प्रशासन ने इस वर्गो की चिन्ता नही करते हुए ध्यान भी नही दिया गया। सभी परिवार के लोग रोजी मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया है की, उल्लेखित भूमि व स्थान को आबंटन करने की कृपा करे समाज आपका हमेशा आभारी रहेगा।

# कलेक्टर की पहल पर लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में अनोखे नवाचार प्रशिक्षण विधियों का प्रयोग

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की पहल पर विभिन्न अनोखे नवाचार प्रशिक्षण विधियों का प्रयोग जिले में किया जा रहा है। मतदान दलों को सूचना एवं प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एसएमएस सिस्टम, प्रजेन्टेशन ऑडियो, वीडियो तकनीक, फ्लोचार्ट ट्रेनिंग, मटेरियल एवं अन्य तकनीक कारगर साबित हो रही है। जिले में एमएमएस के माध्यम से मतदान दलों को प्रशिक्षण एवं अन्य जानकारी प्रदान की जा रही है। एमएमएस के माध्यम से एसएमएस जेनरेट होने से एक साथ लगभग 4000 लोगों को जिनकी ड्यूटी लगी है, उन्हें सूचनाएं प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षणार्थियों को कक्ष, विधानसभा क्षेत्र, मतदान दल क्रमांक की जानकारी मिल रही है। जिससे प्रशिक्षण के दौरान अव्यवस्था एवं भीड़ की स्थिति नहीं होती है। इसी तरह सामग्री वितरण के लिए भी पहले ही मतदान दलों को वाहन



प्रभारी, रूट चार्ट, सेक्टर ऑफिसर एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी एवं सूचनाओं की समय पर पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में यह अद्वितीय नवाचार प्रभावी है। पहले से सूचना मिल जाने के कारण मतदान दलों के लिए यह सुविधाजनक एवं आसान रहेगा। इतनी बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थियों को एसएमएस के माध्यम से अलग-अलग तरह की सूचनाएं प्रदान करना चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण सुश्री सुरूचि ने बताया कि पहली बार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दिन भर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का टाईम टेबल बनाया गया है। वहीं 45 मिनट की परस्पर वार्ता एवं चर्चा का सत्र रखा गया है। जिसमें सेक्टर ऑफिसर एवं मास्टर ट्रेनर लगातार प्रश्न पूछकर न केवल प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न विषयों पर जागरूक करेंगे बल्कि उनकी जिज्ञासा एवं समस्याओं का समाधान करेंगे।

सामग्री वितरण के लिए मतदान दलों की सुविधा हेतु कतार बढ़ाई गई है, ताकि उन्हें सुगमता से सामग्री प्राप्त हो सके। एसएमएस एवं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचनाएं प्रदान करना तथा सूचना शेयर करना आसान हुआ है। ईव्हीएम के व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों की सक्रिय सहभागिता दिखाई दे रही है।

जिले में प्रथम चरण के पश्चात द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थी उत्साह एवं ऊर्जा के साथ सीख रहे हैं। उत्सुकता एवं जिज्ञासा के साथ सीखने के साथ ही अपने फीडबैक एवं सुझाव भी दे रहे हैं। जिनमें ठाकुर प्यारे लाल नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, महारानी लक्ष्मीबाई आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव प्रशिक्षण में दिया जा रहा है।

# बघेल ने लूटने का काम किया तो विष्णुदेव प्रदेश को संवारने का कार्य कर रहे है -गिरवर साहू

डोंगरगढ़ (दावा)। जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने लालबहादुर नगर मंडल के बोरतलाव, कौहापानी, पिपरखार, बुढ़ान छापर, मागिखूंटा में कार्यकर्ताओं की बैठक में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने छतीसगढ़ को लूटने का काम किया था।

वही दूसरी ओर विष्णु देव साय सरकार छतीसगढ़ को संवारने का कार्य कर रही है। भाजपा नेता श्री साहू ने आगे कहा कि भूपेश बघेल ने गरीबों के प्रधानमंत्री आवास को रोकने का काम किया तेंदूपत्ता मजदूरों की चरण पादुका बोनस योजना को बंद किया, कोयला घोटाला किया राजनादगांव के साथ सौतेला व्यवहार किया तब जनता ने तंग आकर महज पांच वर्ष में ही सत्ता से बाहर कर दिया। विष्णु देव साय जो सहज सरल स्वभाव के धनी जो



लक्ष्मी योजना के नाम धोखा दे रही है कांग्रेस

किसानों को दो साल का बोनस देने का वायदा, 3100 रु धान का समर्थन मूल्य एकमुश्त दिया गया ।

**लक्ष्मी योजना के नाम धोखा दे रही है कांग्रेस**

महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को उनके खाते में 1000 रु सीधा दिया गया। गिरवर साहू ने कटाक्ष करते हुए कहा कि एक तरफ भूपेश बघेल लक्ष्मी योजना के नाम से अपनी चुनावी सभा में गरीब महिलाओं को साल का एक लाख देने की बात कर रहे है, वही राहुल गांधी अति गरीब महिलाओं को एक लाख देने की बात कर रहे है। इससे साफ हो गया है कि चुनाव में जमानत बचाने के लिए जनता से झूठ बोला जा रहा है। इस बैठक में प्रमुख रूप से हनुमान दास साहू, थनवार मंडावी, दुर्गेश साहू, गणेश सिन्हा, सुंदर लाल सोरी, कैलाश, सावंत, अशोक साहू सहित कार्यकर्ता बंधुगण उपस्थित थे।

# राजा भानपुरी में भव्य कर्मा जयंती मनाई गई



राजनांदगांव (दावा)। राजा भानपुरी साहू समाज द्वारा ग्राम 05 अप्रैल दिन शुक्रवार को भव्य कर्मा जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष गेंदालाल सोनबोईर, विशेष अतिथि हमीरचंद साहू शिक्षक एवं भूषण लाल साहू ग्राम पटेल, समाज के अध्यक्ष डॉ पुनीत साहू, भूतपूर्व पटेल खेमचंद साहू, ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती गायत्री साहू, उप सरपंच केश्वर साहू, होम चंद साहू शिक्षक, दुष्यंत साहू शिक्षक, मोरध्वज साहू, अहिल्या बाई घासी साहू महिला अध्यक्ष के सानिध्य में कर्मा जयंती संपन्न हुई।

इस अवसर पर कर्मा माता के जीवनी पर अतिथियों ने प्रकाश डालते हुए भानपुरी एवं उपस्थित सभी जनों को माता कर्मा बताए मार्ग पर चलने एवं खाणी वाणी रहणी गहणी पर प्रकाश डाला एवं सभी सामाजिक बंधुओं से निवेदन किया समाज को एक सूत्र में बांधकर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया है।

उक्त कार्यक्रम ग्राम के प्रमुख रूप से पार प्रमुख सभी लोग उपस्थित रहे। मंच संचालक लोकेश्वर साहू शिक्षण द्वारा किया गया। उक्त जानकारी रेवाराम साहू द्वारा दिया गया है।

# उद्यानिकी फसलों को भारी नुकसान, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

खैरागढ़ (दावा)। जिले में पिछले सप्ताह से हो रही बेमौसम बारिश और चक्रवाती हवाओं से उद्यानिकी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने जिले में संचालित उद्यानिकी विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण किया और क्षति का आंकलन किया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम चिखलदाह में कृषक सैय्यद लुकमान खान के प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया। कृषक ने बताया कि उन्होंने 7 हेक्टेयर में पपीता और 3 हेक्टेयर में टमाटर की फसल लगाई थी। टमाटर की फसल को तेज हवाओं से भारी नुकसान हुआ है। पौधे गिर गए हैं और फूल झड़ गए हैं, जिससे 15-20 दिनों तक नए फूल और फल नहीं लगेंगे। इससे उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही पपीता की फसल पर बारिश का कम प्रभाव पड़ा है। लुकमान खान ने बताया कि उन्होंने अभी तक 300 टन पपीता और 250 टन टमाटर प्रदेश के बाहर आगरा, लखनऊ और पटना में बेचा है। उन्होंने बताया कि वे स्थानीय स्तर पर फसल नहीं बेचते, क्योंकि वहां भाव कम मिलते हैं। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने उपस्थित उद्यानिकी अधिकारी को निर्देश दिया कि पिछले माह मार्च में ओलावृष्टि और वर्तमान में बारिश से हुई क्षति का आकलन कर कृषकों की जानकारी बीमा कंपनियों को भेजी जाए, ताकि उन्हें शीघ्र बीमा का लाभ मिल सकें।

# निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ, नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारी नहीं मिले




नोटिस जारी कर लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई कर रहे हैं पालिका अधिकारी

डोंगरगढ़ (दावा)। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा पालिका के लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ निरंतर करवाई की जा रही है। कार्य के दौरान अनुपस्थित मिले 5 नियमित व 5 प्लेसमेंट कर्मचारियों से 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा।

नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्रकांत शर्मा ने शनिवार को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पाया की अनेक कर्मचारी अपने कार्य के समय में नदारद है। पांच नियमित व पांच प्लेसमेंट कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बताया गया कि सीएमओ शर्मा द्वारा शनिवार को अपने ही कार्यालय का निरीक्षण किया गया था। सीएमओ वर्मा ने शोकॉज नोटिस जारी करते हुए उक्त सभी कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने तथा पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है। जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की बात कही है। उक्त कर्मचारियों को अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण उनको कार्य से निलंबित, निष्कासित करने की कार्यवाही करने की बात भी कही गई है।

# मां गायत्री ऑप्टिकल हल्दी में शानदार अनुभव का लाभ उठाएं



राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे शिवनाथ वार्ड हल्दीघाट में स्थित आइकेयर शोरूम में मां गायत्री ऑप्टिकल अपने उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद लेंस व चश्मा की न्यूनतम रेंज लेकर आया है, विश्वस्तरीय लेंस आईवीयर उपभोक्ताओं को शानदार विजन का अनुभव कराता है जिसका लाभ लेने के लिए मां गायत्री ऑप्टिकल हल्दी में विजिट किया जा सकता है, शिवनाथ वार्ड 51 एमसीआई स्कूल के सामने हल्दीघाट में स्थित मां गायत्री ऑप्टिकल में अनुभवी ऑप्टोमेट्रिस्ट के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध है।

गौरतलब है कि मां गायत्री ऑप्टिकल अपने नए साज सज्जा के साथ संचालित किया जा रहा है, शोरूम में निःशुल्क नेत्र जांच की सुविधा के साथ आपको अपनी पर्सनालिटी के अनुसार आईवियर चुनने की सुविधा देता है यहां पर किफायती दामों पर सर्वोत्तम लेंस चश्मा की खरीदारी की जा सकती है, माँ गायत्री ऑप्टिकाल की कोई शाखा नहीं है, अतः उपभोक्ता शिवनाथ वार्ड 51 हल्दी राजनांदगांव स्थित संस्थान में आकर उपरोक्त ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

# आमाटोला में आयोजित आमसभा को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया सम्बोधित

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी के ग्राम आमाटोला में आम सभा मे जनता को सम्बोधित करने आये छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासन में हुवे भ्रष्टाचार के बारे में बताया कि कांग्रेस ने 5 सालों में सिर्फ छत्तीसगढ़ को लूटा है,वही केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं को भी रोक कर रखा, जनता के 18 लाख आवास को रोका, धान खरीदी के अंतर की राशि को 4 किस्तों में दिया वही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही रुका हुवा 18 लाख आवास की स्वीकृति दी गयी, महतारी वंदन योजना को लागू किया गया, ये सब मोदी की गारंटी के तहत हुवा, उन्होंने केंद्र



सरकार को योजनाओं को बताते हुवे उनके लाभ के बारे में बताया, इस अवसर पर मंच में उपस्थित भाजपा की स्थापना के समय से जुड़े गांव के सबसे बुजुर्ग 98 वर्षीय हल्बाराम जाड़े का श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया व ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुन कर जल्द निराकरण करने की बात कही।

इस आम सभा को पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष मदन साहू, जिला महामंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी रविन्द्र वैष्णव, जिला महामंत्री दिलीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर समस्त भाजपा जिल्स पदाधिकारी,मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष व पदाधिकारी, जोन प्रभारी, शक्तिकेन्द्र प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक, बुथ कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित रहे। मंच का संचालन भारत भूषण राजपूत ने किया।

# विधानसभा अंतर्गत कोर ग्रुप की बैठक सम्पन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। विधानसभा डोंगरगढ़ के कोरग्रुप मंत्री राजेश मूणत, प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती, जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश पटेल के प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

पूर्व मंत्री राजेश मूणत, महामंत्री रामजी भारती ने दिए मार्गदर्शन

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, सहप्रभारी सुनील जैन, शशिकांत द्विवेदी, महेन्द्रभाई पटेल, हरविंदर सिंग मंगे, कुलवंतसिंग कक्कड़, प्रदीप बाघ, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि एवं विधानसभा सहप्रभारी भागवत शरण सिंग शहर भाजपा अध्यक्ष अमित जैन, ग्रामीण अध्यक्ष जैनकुमार अध्यक्ष, पाड़ाडाह मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, विजेंद्र सिंग ठाकुर, घुमका मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू अनिल पाण्डे, राकेश अग्रवाल सहित अन्य आमंत्रित सदस्य शामिल थे। जिसमें लोकसभा भाजपा प्रत्यासी संतोष पांडे के पक्ष में अधिकाधिक मतदान करने एवं चुनाव की रणनीति तैयार की गयी एवं सभी बूथों को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया।

# मतदान जागरूकता के लिए छात्रों ने बनाई रंगोली और पोस्टर



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदान प्रतिशत में वृद्धि किए जाने के लक्ष्य की प्राप्ति एवं नव मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न किए जाने हेतु पोस्टर बनाकर तथा रंगोली बनाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रो. विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान हेतु आज रंगोली बनाया गया। लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हम सबका फर्ज है, के साथ रंगोली बनाई गई और छात्रों ने पोस्टर बनाकर अपील किया कि आपका वोट आपकी ताकत, दोनों बने देश की ताकत सारा काम छोड़ दो, सबसे पहले और दो स्लोगन लिखे पोस्टर प्रदर्शित किया गया। दोनों अभियान का उद्देश्य वोट प्रतिशत बढ़ाना है। प्राचार्य डॉ.रचना पांडे ने कहा कि लोकतंत्र में हिस्सेदारी हम सबकी है जिम्मेदारी के साथ हमने यह जागरूकता अभियान प्रारंभ किया है, और आगामी चुनाव में सभी को वोट अपना अवश्य डालना चाहिए क्योंकि एक-एक वोट का बहुत महत्व होता है 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं जो लोग 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं लोकतंत्र का हिस्सा बनना चाहिए, इसलिए यह जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। महाविद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन ने संयुक्त से कहा कि लोकतन्त्र में सबसे महत्त्वपूर्ण योगदान वोट प्रतिशत में वृद्धि करना है। विकसित भारत में वोट का महत्व अधिक है और सभी को वोट देना चाहिए। इस प्रकार के आयोजन से नागरिकों में जागरुकता बढेगी।

# कांग्रेस ने भगवान महादेव के नाम पर बेटिंग घोटाला किया- अमित शाह

## मोदी 3.0 में हम छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बना देंगे, कांग्रेस झूठ का व्यापार करती है, जब तक भाजपा राजनीति में है, आरक्षण को कोई नहीं हटा सकता

राजनांदगाँव (दावा)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ की राजनांदगाँव लोकसभा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, 'कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी दुष्प्रचार फैलाते हैं कि मोदी जी संविधान बदल देंगे और आरक्षण को खत्म कर देंगे। आरक्षण चाहे ओबीसी का हो या पिछड़ा वर्ग का, भारतीय जनता पार्टी ना आरक्षण खत्म करेगी ना किसी को खत्म करने देगी। कांग्रेस पार्टी झूठ का व्यापार करती है।

उन्होंने कहा कि, 'हाल ही में छत्तीसगढ़ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद दिया है। महादेव एप के नाम पर भ्रष्टाचार करने वाले भूपेश कका अभी भी सांसद बने रहना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ की जनता ने विधानसभा चुनाव में भूपेश कका को हराया था, इस बार लोकसभा में फिर से हराकर उन्हें वापस घर भेजना है। कमल के निशान पर दिया गया आपका एक-एक वोट सीधा नरेन्द्र मोदी जी के खाते में जाएगा। मोदी जी के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से लगभग मुक्त हो चुका है, तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही मोदी जी छत्तीसगढ़ से पूरी तरह नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। भूपेश कका की सरकार में नक्सलवाद के खिलाफ आंदोलन बंद हो गया था। नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इतने कम दिन में 54 से ज्यादा नक्सलवादियों को ढेर कर दिया। 150 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार करने का काम किया गया है और 250 से ज्यादा लोग आत्मसमर्पण कर चुके हैं। मोदी जी ने 10 वर्षों में पूरे देश से नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया है। मोदी जी के तीसरे टर्म में छत्तीसगढ़ में बचे-खुचे नक्सलवाद का खात्मा निश्चित है।'

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री अमित शाह ने कहा कि, 'कांग्रेस के जमाने में किसान कल्याण का बजट सिर्फ 22 हजार करोड़ रुपये था। मोदी जी ने किसान कल्याण के लिए 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये का बजट देने का काम किया है। आज हर किसान को प्रति वर्ष 6 हजार रुपये देने का काम मोदी जी कर रहे हैं। कांग्रेस ने धान की खरीदी 475 लाख मैट्रिक टन की थी, भारतीय जनता पार्टी ने 830 लाख मैट्रिक टन धान की खरीदी की है। छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं के खाते में सीधा पैसा ट्रांसफर किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने राजनांदगाँव में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया है। यहाँ बंद पड़ी शुगर फैक्ट्री को खोलने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि, 'कांग्रेस के दौर में कभी भी जनजातीय कल्याण मंत्रालय नहीं बन पाया, अटल जी ने जनजातीय कल्याण मंत्रालय बनाया।

मोदी जी ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ-साथ सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास देने का काम किया है। सालों तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी भी किसी आदिवासी बेटा या बेटी को राष्ट्रपति का पद नहीं सौंपा। मोदी जी ने ओडिशा की गरीब परिवार की आदिवासी बहन द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर देश भर के आदिवासियों का सम्मान किया है और




भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का काम किया है। एससी के लिए कांग्रेस 24 हजार करोड़ रुपये का बजट छोड़ कर गई थी, मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये कर दिया है।'

श्री अमित शाह ने कहा कि, '10 साल तक सोनिया-मनमोहन की सरकार में छत्तीसगढ़ को 77 हजार करोड़ रुपये दिया गया था। नरेन्द्र मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ को 3 लाख 20 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 72 हजार करोड़ रुपये, सड़क निर्माण के लिए 25 हजार करोड़ रुपये, रेलवे के लिए 45 हजार करोड़ रुपये और एयरपोर्ट के लिए 250 करोड़ रुपये खर्च करने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। लगभग 38 लाख किसान को पीएम किसान का लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में 40 लाख गरीबों के घर में नल से जल पहुँच रहा है। 2 करोड़ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। 38 लाख घरों में शौचालय बनाया जा चुका है। 2 करोड़ लाभार्थी को प्रति माह 5 किलो अनाज मुफ्त में देने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार कर रही है। मोदी जी के शासन में 38 लाख गैस कनेक्शन और 12 लाख आवास भी दिए जा चुके हैं।'

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि, 'भूपेश जी ने गंगा जल छूकर कहा था कि शराब बंदी करेंगे, लेकिन बदले में शराब की नदियाँ बहा दी। महादेव के नाम पर भ्रष्टाचार किया। जूट उद्योग नहीं खोला, माताओं-बहनों से वादा किया था कि प्रति माह 5 हजार रुपये देंगे, नहीं दिया। देश में 2जी घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, बोफोर्स घोटाला, सबमरीन घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला, अन्न योजना घोटाला, रेत घोटाला, पीएससी घोटाला, गोबर घोटाला, गोठान घोटाला, वर्मी कम्पोस्ट घोटाला ङ्क सभी घोटाले कांग्रेस ने किया, लेकिन कोई भी घोटाला भगवान के नाम पर नहीं है। भूपेश जी ने महादेव तक को नहीं छोड़ा, महादेव एप के नाम पर 508 करोड़ रुपये का घोटाला किया। उन्होंने कहा कि, 'कांग्रेस पार्टी कहती है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान का कश्मीर से क्या लेन-देन है? वोट बैंक की राजनीति के कारण सालों से कांग्रेस पार्टी धारा 370 को सम्हाल कर बैठी थी। मोदी जी ने 5 अगस्त, 2019 को धारा 370 समाप्त कर के कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का अंग बना दिया।' श्री शाह ने कहा कि, '70-70 साल से ये कांग्रेस पार्टी राम जन्मभूमि के मुद्दे को अटका, भटका और लटका रही थी। मोदी जी ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही राम जन्मभूमि मुद्दे का केस भी जीता, भूमि पूजन भी की और 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा भी की। आने वाले 17 तारीख को 500 साल बाद रामलला अपना जन्मदिन भव्य मंदिर में मनाएंगे। उन्होंने कहा कि, 'मोदी जी ने कहा है कि पूरे देश में विधानसभा और लोकसभा का चुनाव एक साथ कराए जाएंगे अर्थात वन नेशन वन इलेक्शन को जमीन पर उतारा जाएगा। देश भर में ष्टष्ट लागू किया जाएगा।

आने वाले सामी में 3 करोड़ नए घर बनाए जाएंगे और गरीबों के घरों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी ने 1 करोड़ लखपति दीदी बनाया है, आगे चलकर पिछड़ा समाज से 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का काम भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, 'कांग्रेस के जमाने में जब 10 साल तक सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार थी, आए दिन बम-धमाके होते थे। पाकिस्तान से आलिया, मालिया और जमालिया आते थे और बम-धमाका कर के भाग जाते थे। मोदी सरकार में भी पाकिस्तानी आतंकवादियों ने यही सोचकर उरी और पुलवामा में बम-धमाके करने की गलती कर दी। 10 दिन के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया करने का काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। अंत में, उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता से 400 सीट पार के साथ मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और देश को सुरक्षित हाथों में सौंपने का आह्वान किया।

# महादेव सट्टा ऐप को चालू रखने के लिए भाजपा ने कितना चंदा लिया : भूपेश बघेल



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खैरागढ़ की चुनावी सभा में राज्य की भाजपा सरकार के कारनामों को छिपाकर बड़े-बड़े झूठ बोलकर चले गए। उन्होंने महादेव ऐप के बारे में तो ढेर सारी बातें की, लेकिन यह नहीं बताया कि अब जबकि डबल इंजिन की सरकार है तो महादेव ऐप क्यों चल रहा है? उन्हें बताना चाहिए कि भाजपा ने महादेव ऐप को चालू रखने के लिए चलाने वालों से कितना चुनावी चंदा लिया है?

भूपेश बघेल ने कहा है कि महादेव ऐप पर कार्रवाई तो कांग्रेस की सरकार ने की थी और केंद्र की भाजपा सरकार से अनुरोध किया था कि महादेव ऐप को बंद करके उसके संचालकों को गिरफ्तार कर ले, लेकिन गिरफ्तारी तो दूर की बात केंद्र सरकार ने महादेव ऐप को बंद तक नहीं करवाया। उन्होंने पूछा कि क्या वजह है कि महादेव सट्टा ऐप अभी भी बिना रोक-टोक चल रहा है, तो भाजपा ने उनसे कितना चंदा लिया है? श्री बघेल ने कहा है कि अगर वे सच में सट्टेबाजी के खिलाफ होते तो केंद्र की भाजपा सरकार सट्टेबाजी पर जीएसटी वसूलकर उसे कानूनी रूप नहीं देती। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक रूप से भाजपा लड़ नहीं पा रही है तो बेवजह आरोप लगाकर कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश रच रही है।

उन्होंने कहा कि धर्म की बात करने वाले अमित शाह को बताना चाहिए, उनकी पार्टी की सरकार ने गाय की देखभाल के लिए बने गौठानों को बंद कर दिया? क्यों गोबर की खरीदी बंद हो गई? और क्या वजह है कि भाजपा की सरकार बनते ही गौ-तस्करी शुरु हो गई? और गौ तस्करी इसी राजनांदगांव जिले के बाघनदी वाली सीमा से हो रही है। अमित शाह को यह भी बताना चाहिए कि यदि वे इतने ही गौ-रक्षक हैं तो उनकी पार्टी ने गौमांस तैयार करने वाली कंपनी से करोड़ों रुपयों का चंदा क्यों लिया?

अमित शाह पर तमाम तरह के झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा-हमने गंगाजल हाथ में लेकर किसानों की कर्जमाफी और प्रति क्विंटल 2500 रुपए देने का वादा किया था और वह हमने समय पर पूरा कर दिया था। शराबबंदी को लेकर कोई शपथ हमने नहीं ली थी और हम धीरे-धीरे शराबबंदी की ओर बढ़ रहे थे। भूपेश बघेल ने कहा कि या तो प्रदेश के भाजपा नेता अमित शाह को सच नहीं बता रहे हैं, या फिर अमित शाह आदतन झूठ बोल रहे हैं। तीन साल में नक्सली समस्या हल करने के दावे को आड़े हाथों लेते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता इस बात की गवाह है कि भाजपा की सरकार बनते ही बस्तर में नक्सली घटनाएं बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के पांच साल में नक्सलियों के नाम पर आदिवासियों की प्रताड़ना बंद हो गई थी, पर भाजपा की सरकार आते ही फर्जी एनकाउंटर फिर शुरु हो गए हैं, इसलिए कम से कम भाजपा को नक्सली हिंसा खत्म करने की बात नहीं करनी चाहिए।

संसद का चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले अपने केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा का चुनाव लड़वा दिया फिर न मुख्यमंत्री बनाया न मंत्री और अब वे प्रदेश के एक ताकतवर मंत्री को संसद का चुनाव क्यों लड़वा रहे हैं? उन्होंने कहा कि जनता सब समझती है और एक निष्क्रिय सांसद को मोदी के नाम पर वोट डलवाने की अमित शाह की साज़िश का ठीक तरह से जवाब देगी।

# कांग्रेस को ऐसा हराएं कि बघेल दुबारा राजनांदगांव की तरफ नजर उठाकर भी न देख सकें - विष्णुदेव साय

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के समर्थन में खैरागढ़ के फतेह सिंह मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण है। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए है। प्रदेश की पिछली कांग्रेस सरकार को जनता के साथ धोखाधड़ी करने वाली बताकर श्री साय ने कहा कि 2018 में कांग्रेस ने खूब लोकलुभावन वादे करके प्रदेश की सत्ता हासिल की थी, लेकिन पूरे पाँच साल के शासनकाल में उसने एक भी वादा पूरा नहीं किया। छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार और अपराध का गढ़ बनाकर रख दिया था। घोटालों-पर-घोटाले करने वाली भूपेश सरकार ने गोबर तक में भ्रष्टाचार करके प्रदेश को शर्मसार किया। कांग्रेस के कई नेता और सरकार के कई बड़े अधिकारी इन घोटालों के आरोप में जेल में हैं और उन्हें बेल तक नहीं मिल रही है, उल्टे बेल मांगने पर कोर्ट जुर्माना लगा रहा है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री साय ने आगे कहा कि राजनांदगाँव से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी महादेव एप घोटाले में एफआईआर दर्ज हुई है और उन पर इस एप को संरक्षण देने के नाम पर 508 करोड़ रुपए बतौर प्रोटेक्शन मनी लेने का भी आरोप है। श्री साय ने सभा में हुँकार भरी कि इस बार प्रदेश में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलने दें और राजनांदगाँव की जनता कांग्रेस को ऐसा हराए कि बघेल दुबारा राजनांदगाँव की तरफ नजर उठाकर भी न देख सकें। अपनी साढ़े तीन माह की भाजपा सरकार के कामकाज का ब्योरा रखते हुए श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने इस छोटी-सी अवधि में मोदी की गारंटी के तहत किए गए अधिकांश वादे पूरे कर दिए हैं। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति दी गई। किसानों को दो साल के बकाया बोनस का भुगतान किया गया। प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से 3100 रुपए की दर पर रिकॉर्ड 145 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी की गई और किसानों को अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान किया गया।



महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह विवाहित महिलाओं के खाते में 1000 रुपए की राशि की दो किश्तें जमा करा दी गई हैं। रामलला दर्शन योजना को तहत प्रदेश के रामभक्तों को निःशुल्क अयोध्या भेजा गया। सब काम साँय-साँय हुआ है और आगे भी सब काम साँय-साँय होगा। इसलिए कांग्रेस के लोग अब आँय-बाँय बोलकर झूठ फैला रहे हैं। अब प्रदेश की जनता कांग्रेस को पूरी तरह बाय-बाय करने जा रही है। श्री साय ने जनसमूह से भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

### भाजपा का घोषणा पत्र मोदी की गारंटी और 2047 के विकसित भारत का संकल्प पत्र है - विजय शर्मा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने धारा 370 को खत्म करके कश्मीर में भारत का संविधान लागू किया। आज देश के किसी भी कोने में बम के धमाकों की आवाज सुनाई नहीं पड़ रही है। पूर्वोत्तर के राज्यों में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व शांति कायम हुई है। भाजपा के रविवार को जारी संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि यह मोदी की गारंटी है, 2047 के विकसित भारत का संकल्प पत्र है, छोटे व्यवसायियों के उत्थान की गारंटी है, आधारभूत संरचना के विस्तार का संकल्प पत्र है, जबकि कांग्रेस का घोषणा पत्र तुष्टीकरण की राजनीति का आईना है। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी के सशक्त व सक्षम नेतृत्व में भारत की सामर्थ्य का डंका देश-दुनिया में बज रहा है। कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार पर हमलावर होते हुए श्री शर्मा ने कहा कि राजनांदगाँव के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल वही हैं जो अपने मुख्यमंत्री रहते प्रदेश के 18 लाख गरीबों का आवास रोका था। भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहली कैबिनेट में इन आवासों को स्वीकृति देकर मोदी की गारंटी पूरी की। प्रदेश की भाजपा सरकार ने महतारी वंदन योजना की दो किश्तें महिलाओं के खाते में जमा कराई, किसानों को दो साल का बकाया बोनस भुगतान किया और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदकर उसका एकमुश्त भुगतान किया।

सभा को सांसद व भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय, पूर्व सांसदत्रय प्रदीप गांधी, मधुसूदन यादव व अभिषेक सिंह, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, विक्रांत सिंह ने भी संबोधित कर भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन देकर विजयी बनाने की अपील की। सभा में प्रदेश चुनाव प्रभारी व बिहार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक व पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सवन्नी, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, राजनांदगाँव लोकसभा संयोजक नारायण चंदेल सहित भाजपा नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और भारी संख्या में जनसमूह की उपस्थिति रही।

# स्वाति मिश्रा को एमबीबीएस की डिग्री



राजनांदगांव (दावा)। शहर की होनहार छात्रा स्वाति मिश्रा को एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त हुई है। पुणे में आयोजित एक समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, इसरो के चेयरमेन श्री सोमनाथ तथा सेम्बियोसिस के फाउंडर व प्रेसिडेंड प्रोफेसर डॉक्टर एस.बी. मजूमदार सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में डॉक्टर डी.वाय. पाटिल विद्यापीठ पिंपरी पुणे में आयोजित एक समारोह में स्वाति मिश्रा को एमबीबीएस की डिग्री प्रदान की गई। स्वाति मिश्रा शहर के वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र मिश्रा की सुपुत्री है।

# धरती में कन्या रूपी मां पूजी जाने लगीं



राजनांदगांव (दावा)। चैत्र शुक्ल पक्ष नवरात्रि पर्व पर षष्ठी तिथि से घर -घर कन्याओं का पूजन शुरू हो चुका है। चार साल से लेकर नौ साल की कन्याओं में मां के स्वरूप की कल्पना कर उन्हें पांव में आलता और शीश में चुन्नी ओढ़ाकर अंबे मां की तरह सजाकर भोग लगाया जा रहा है। ऐसा ही एक दृश्य न्यू खंडेलवाल कॉलोनी राजनांदगांव स्थित श्रीमती उर्मिला मिश्रा के निवास में देखने को मिला।

# भाजपा प्रत्याशी संतोष पाडे आज कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में



राजनांदगाँव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों में लगातार जनसम्पर्क करते हुए आमजनों से भाजपा के कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांग रहें हैं। श्री पांडे क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पहले दौर का जनसम्पर्क अभियान पूरा करने के बाद दूसरे चरण में फिर से अपना जनसम्पर्क अभियान कल दिनांक 15 अप्रैल को कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के बोड़ला मण्डल के ग्राम सिल्हाटी से शुरु करेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे कल सुबह 10.30 बजे ग्राम मानिकपुर पहुचेंगे फिर वे ग्राम खडौदाकला, कारेसरा, भरेली, खरहटटा, छांटा, मडमडा, सिरमी, खण्डसरा, कबराटोला, महली, भलपहरी, अचानकपुर, गण्डईखुर्द, गण्डईकला, बैहरसरी पहुचकर अपने जनसम्पर्क अभियान को पूर्ण करेंगे।

# कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में आज 15 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल प्रातः 11 बजे दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी के नामांकन-सभा में शामिल होने के उपरांत राजनांदगांव लोकसभा अंतर्गत पंडरिया विधानसभा के सौहामलगी, दामापुर, खूंटा, पेंड्रीकला, रूसे, मोंहगांव, पालनसरी ग्रामों में जनसंपर्क करेंगे।

# पदयात्रियों की सेवा में जुटी आराधना महिला मंडल

## नाश्ता, चाय, पानी के साथ फलाहार व स्वल्पाहार की दी जा रही सेवाएं

राजनांदगांव (दावा)। जनसेवा को ईश्वर की सेवा मानकर चल रही आराधना महिला मंडल की समाजसेवी महिलाएं इन दिनों नवरात्रि पर्व पर पदयात्रियों की सेवा में जुटी हुई है। मंडल की अध्यक्ष उमा रूगंटा, सचिव प्रभा बरडिया व कोषाध्यक्ष अलका जानी द्वारा बल्देव बाग रोड में आराधना महिला मंडल का पंडाल लगाकर मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने जाने वाले पदयात्रियों की सेवा की जा रही है। इससे पदयात्रियों के चेहरे पर मुस्कान देखी जा रही है।

बता दे कि नवरात्रि की तृतीया तिथि से प्रारंभ महिला मंडल के सेवा कार्य के दौरान सैकड़ों पदयात्री आराधना महिला मंडल की सेवा कार्यों का लाभ ले रहे है। इसमें मंडल की महिलाएं श्रीमती रूगंटा सहित श्रीमती बरडिया व श्रीमती जानी के अलावा शहर की वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी के साथ



शशि खंडेलवाल, छाया खंडेलवाल, श्रीमति रेखा लाल सहित अन्य समाजसेवी महिलाएं पदयात्रियों की सेवा में हाथ बंटा रही है।

समाजसेवी महिलाएं मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों को नाश्ता, चाय-पानी के अलावा फलाहार व स्वल्पाहार में बिस्किट, चाकलेट, आलू-पोहा आदि का वितरण किया। पदयात्री आराधना महिला मंडल के पंडाल में कुछ पल रूककर मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए धीरे-धीरे डोंगरगढ़ की ओर कदम बढ़ा रहे है। आराधना महिला मंडल की समाजसेवी महिला के सेवाभाव को अच्छी नजरों से देखा जा रहा है।

# नवरात्रि पंचमी में 35 लाख रु. का स्वर्ण मुकुट माता को भेंट



**लाखों दर्शनार्थियों ने किया मां बमलेश्वरी के दर्शन**

डोंगरगढ़ (दावा)। नवरात्रि पर्व के दौरान धर्म नगरी में मां बम्लेश्वरी देवी के भक्तों का आना निरंतर जारी है। 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। देश विदेश से दर्शनार्थी माता के दरबार में लाखों की संख्या में दर्शन लाभ लेने आ रहे हैं। नवरात्र में पंचमी को माता, कात्यानी के स्वरूप में पूजी जाती हैं। इसी शुभ अवसर में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति एवं भक्तों के सहयोग से माता जी को लगभग 450 ग्राम सोने से बनी मुकुट भेंट की गई। इसकी लागत लगभग 35 लाख रुपए बताई जा रही हैं। जो पूरे नवरात्र में भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

ASHISH
ANNEX
साड़ियां
शेरवानी
कोर्ट,शूट
लाचा
किड्स
वियर
KAMPTHI LINE,RAJNANDGAON (C.G.)

हेमन्त साहू 98271-56852 94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।

वर्मा कृषि सेवा केन्द्र
कृषि संबंधित सभी प्रकार की दवाईयां, ड्रीप खाद, उन्नत किस्मों के बीज एवं बैटरी स्पेयर के विक्रेता
मो.-7000634780
9893896964
पुराना गंज चौक लखोली रोड

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com